# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 19 दिसम्बर-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 360 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3


## लोकसभा से पास हुआ 'जी राम जी' बिल, विपक्ष का जबर्दस्त हंगामा

### सदन में फाड़ी गई विधेयक की कॉपी



**कृषि मंत्री बोले- हम गांधी के आदर्शों पर चलने वाले लोग**

**नई दिल्ली।** संसद में विपक्षी दलों के हंगामे के बीच शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत जी-राम-जी विधेयक पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहता। केंद्रीय कृषि मंत्री ने सरकार की तरफ से जारी आंकड़े पेश करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने फंड का दुरुपयोग किया, लेकिन हमारी सरकार ने विकास कार्यों पर खर्च करने पर जोर दिया। शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि सरकार किसानों के साथ-साथ गरीबों के कल्याण के लिए विधेयक लाई है, जिसका विरोध किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, सबसे पहले इस पवित्र सदन में मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। सभापति महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं। इस विषय पर हमने माननीय सदस्यों के विचार सुने हैं। अब जवाब देना मेरा अधिकार है। मैं आपसे संरक्षण चाहता हूं। मैंने रात के डेढ़ बजे तक माननीय सदस्यों की बात सुनी है।

अपनी बात सुना देना और फिर जवाब न सुनना ये लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार करना है। संविधान की धज्जियां उड़ाना है। ये बापू के आदर्शों की हत्या भी कर रहे हैं। अपनी बात सुना दो और हमारी न सुनो। ये भी हिंसा है। यह बापू के आदर्शों की हत्या करने का काम कांग्रेस और बाकी विपक्ष कर रहे हैं।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2






## 'किराएदार पति-पत्नी ने मकान मालकिन के टुकड़े-टुकड़े कर सूटकेस में भरा शव'

### 4 महीने का बकाया लेने गई थी लैंडलॉर्ड

**राजनगर एक्सटेंशन की सोसायटी में दिया गया जघन्य अपराध को अंजाम**



दीपशिखा, मृतक




आरोपी

**परिजनों को देखते ही आरोपी भागने का प्रयास करने लगे। शोर सुनकर इकट्ठा हुए पड़ोसियों ने भाग रहे दंपति को दबोच लिया।**

**बेड के अंदर सूटकेस में मिला शव**

करंट क्राइम। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब फ्लैट की तलाशी ली, तो मंजर देख सबके होश उड़ गए। आरोपियों ने दीपशिखा के शव के टुकड़े कर उन्हें एक सूटकेस में बंद कर बेड के बॉक्स में छिपा दिया था। पुलिस ने तुरंत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और दंपति को गिरफ्तार कर लिया।




"राजनगर एक्सटेंशन की ओरा चमेरा सोसाइटी में किराए के विवाद को लेकर एक महिला की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी दंपति ने शव को सूटकेस में भरकर छिपा दिया था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

— उपासना पांडे, एसीपी नंदग्राम, गाजियाबाद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित राजनगर एक्सटेंशन में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। थाना राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र की 'ओरा चमेरा सोसाइटी' में रहने वाले एक दंपति ने अपनी मकान मालकिन की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपियों ने न केवल हत्या की, बल्कि शव को ठिकाने लगाने के लिए उसके टुकड़े कर सूटकेस में भरकर बेड के अंदर छिपा दिया।

**विवाद की वजह : 6 महीने का बकाया किराया** – पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक महिला की पहचान दीपशिखा के रूप में हुई है। वह अपने किराएदार अजय गुप्ता और उसकी पत्नी से पिछले 6 महीने का बकाया किराया लेने उनके फ्लैट पर गई थीं। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आवेश में आकर दंपति ने दीपशिखा के सिर पर प्रेशर कुकर से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**सीसीटीवी और परिजनों की सतर्कता से खुलासा :** जब दीपशिखा काफी देर तक अपने घर नहीं लौटीं, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। सोसाइटी के सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर देखा गया कि दीपशिखा किराएदार के फ्लैट में अंदर जाती तो दिख रही हैं, लेकिन बाहर नहीं निकलीं। संदेह होने पर परिजन जब फ्लैट पर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया, तो काफी देर बाद अजय और उसकी पत्नी ने दरवाजा खोला और परिजनों को देखते ही भागने का प्रयास करने लगे। शोर सुनकर इकट्ठा हुए पड़ोसियों ने भाग रहे दंपति को दबोच लिया।

## न्यूमेड हॉस्पिटल की बड़ी उपलब्धि : एक बच्चा गर्भाशय में तो दूसरा पेट में, सफल सर्जरी से बचाई जान

**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा स्थित न्यूमेड स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हाल ही में एक अत्यधिक जटिल एवं जानलेवा हेटेरोट्रॉपिक प्रेगनेंसी का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने मां और बच्चों को एक नया जीवनदान प्रदान किया। न्यू मेड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नोएडा एक्सटेंशन में हेटेरोटॉपिक गर्भावस्था का एक अत्यंत दुर्लभ मामले में सफलता पूर्वक डिलीवरी की गई है। हेटेरोट्रॉपिक गर्भावस्था वह स्थिति होती है जिसमें एक गर्भाशय के भीतर और दूसरा गर्भ पेट में विकसित होता है। यह भारत में संवाद पहले रिपोर्टेड मामला है जो 29 सप्ताह और एक दिन के डिलीवरी तक पहुंचा और संजीव प्रसव संभव हुआ। इसे विश्व का पांचवा मामला माना जा रहा है।




अस्पताल में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी गई। एग्जीक्यूटिव ऑफिसर जितेंद्र सिंह ने बताया कि हेटेरोट्रॉपिक गर्भावस्था के मामले अत्यंत दुर्लभ होते हैं। इस प्रकरण में मरीज ने 29 सप्ताह और 1 दिन की गर्भावत अवधि में अत्यंत गंभीर और जटिल परिस्थितियों में प्रसव किया। मरीज की स्थिति को अत्यधिक जोखिम श्रेणी में रखा गया क्योंकि उनका रक्त समूह नेगेटिव था। साथ ही लीवर व किडनी की कार्य क्षमता प्रभावित, एनीमिया कम प्लेटलेट काउंट और मूत्र मार्ग संक्रमण का पूर्व मेडिकल हिस्ट्री था।




कंसलटिंग गायनेकोलॉजिस्ट डॉ नीतू ने कहा कि मरीज गंभीर स्थिति में तेज पेट दर्द और अत्यधिक रक्तस्राव के साथ अस्पताल में भर्ती हुई थी। उन्होंने कहा कि मरीज को लगभग तीन माह तक यूरिनरी कैथेरेट लगाया गया था। बाहर कराया गया अल्ट्रासाउंड में इसे सामान्य जुड़वा गर्भावस्था बताया गया था, जिससे सही निदान में देरी हुई। इस मरीज को बहुविषेक चिकित्सा टीम द्वारा निरंतर निगरानी में रखा गया। स्थिति तेजी से बिगड़ने के कारण आपातकालीन सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। पाया गया कि पेट में विकसित गर्भ का प्लेसेंटा आंतों में असामान्य रूप में विकसित हुआ था जिस कारण अत्यधिक रक्त स्राव हुआ। समय रहते किए गए शल्य चिकित्सा हस्तक्षेप से आंतों की जानलेवा स्थिति को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया गया।8 नवंबर को प्लेसेंटा से जुड़ा हुआ आंतों में एक छोटा सा हिस्सा ऑपरेशन द्वारा निकाला गया।

इस प्रक्रिया के दौरान मरीज ने दो पुरुष शिष्यों को जन्म दिया। एक गर्भाशय के भीतर विकसित गर्भ से दूसरा पेट में विकसित गर्भ से। डॉक्टर ने बताया कि गभाशर्य के भीतर विकसित शिशु का जन्म वजन 1.4 किलोग्राम था जबकि पेट में विकसित शिशु का वजन 1 किग्रा था। दोनों शिशु स्थिर और स्वस्थ है। मरीज को नवंबर माह में डिस्चार्ज कर दिया गया और वर्तमान में उसकी स्थिति संतोषजनक और स्थिर है। आगे के उपचार के तहत मरीज की आंख आंतों की अनास्टोमोसिस की योजना बनाई गई है। हैंडोवरिंग प्रेस वार्ता में चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर जितेंद्र सिंह जनरल मैनेजर अनुरोध सिंह डॉक्टर नीतू डॉक्टर छवि और डॉक्टर अमनदीप उपस्थित थे।

## महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का दावा, फार्म-6 करेगा साहिबाबाद में सपोर्ट, डेढ़ लाख से ज्यादा बनेंगे यहां पर वोट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बड़ी विधानसभा में बड़ी टेंशन वोट घटने की है। डाटा बता रहा है कि यहां वोट का घाटा हो रहा है। अभियान को इस तरीके से लिया जायेगा और इसकी भरपाई कैसे होगी। इसको लेकर दैनिक करंट क्राइम ने भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से बात की। मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष होने के साथ साथ बेहतर रणनीतिकार भी हैं। कई ऐसे आयामों पर वो पूर्व में काम कर चुके हैं। संगठन का गणित उन्हें बेहतर आता है और वो जानते हैं कि किस तरह से ऐसे आयामों में काम किया जाता है। यहां पर मयंक गोयल सफलता के सूत्र के साथ आये। उन्होंने कहा कि ना तो भाजपा की वोट घटी हैं और ना ही यहां भाजपा को किसी भी प्रकार का घाटा हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मतदाता की स्थिति को लेकर ये भ्रम है और वास्तविकता ये है कि यहां काम भी हुआ है और नई उम्मीदें फार्म-6 के साथ हैं। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने दावा किया कि फार्म-6 यहां बड़ा बैकअप प्लान लेकर आ रहा है। उन्होंने कहा कि यहां पर डेढ लाख से ज्यादा वोटों का इजाफा फार्म-6 के जरिए होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सवाल ऐलीजेविल वोट का है। जो वोट अभियान में कम दिखाई दे रहे हैं वो वास्तव में वही वोट हैं जो सूची पर दिखाई देते हैं लेकिन वास्तव में नहीं है। ऐसे में ये वोट यहां कम होते दिख रहे हैं लेकिन वास्तविकता में ऐसा नहीं है। उन्होंने इस गणित को साहिबाबाद विधानसभा में होने वाले मतदान प्रतिशत से जोड़ा और एक नया फार्मूला समझाते हुए कहा कि किसी वोटर लिस्ट पर 100 नाम हैं और उनमें 30 वोट केवल लिस्ट पर हैं और शिफ्ट हो चुकी हैं तो मतदान में इसके इफैक्ट आते हैं। 70 में से अगर 40 वोट पड़ी हैं तो इसका असर पड़ेगा। ये वास्तव में एबसेंट यानी अनुपस्थित वोट हैं, इनकी मात्रा सबसे ज्यादा है।

### 2003 में जब साहिबाबाद विधानसभा ही नहीं थी तो पुनरीक्षण कैसे होगा

करंट क्राइम। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि साहिबाबाद को लेकर पूरे विषय को समझना होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 की बात करें तो वर्ष 2003 में साहिबाबाद विधानसभा का गठन ही नहीं हुआ था। ऐसे में पुनरीक्षण किसका होगा। उन्होंने कहा कि तब यहां की वोटें गाजियाबाद और मुरादनगर विधानसभा में आती थी। उन्होंने कहा कि जितने वोट सही थे वो सब उपलब्ध हैं। ऐलेजेबिल वोट 2003 के बाद आये हैं। साहिबाबाद की सबसे खास बात ये है कि यहां पर रहने वाली एक बड़ी आबादी दिल्ली और नोएडा से कनैक्ट है। यहां खोड़ा पूर्व में नोएडा का हिस्सा रहा और इसे नोएडा की बड़ी लेबर कॉलोनी माना जाता है। नए परिसीमन के बाद यहां कई चीजें बदली है और अगर उन पर गहनता से मंथन करेंगे तो चीजें समझ में आयेंगी।




### साहिबाबाद में एक बड़ी आबादी नहीं है यहां की मूल निवासी

करंट क्राइम। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि सवाल भाजपा और गैरभाजपा के वोटर का नहीं है। सवाल उस आबादी का है जो यहां धरातल पर दिखाई दे रही है और वोटर लिस्ट में नहीं है। उन्होंने कहा कि साहिबाबाद में एक बड़ी आबादी ऐसी है जो यहां की मूल निवासी नहीं है। इनके वोट इनके पैत्रक गांव में है। दूसरा बड़ा कारण यहां शिफ्टिंग फैक्टर है। आईटी सेक्टर से जुड़े लोग आज फ्लैट लेकर आज यहां रह रहे हैं, कल नोएडा शिफ्ट कर जाते हैं और कोई गुरूग्राम चला जाता है। ऐसे में आबादी दिखाई देती है लेकिन वोटर लिस्ट में ये शिफ्टिंग फैक्टर में आती है। ये वोट ए यानी एबसेंट में काउंट हुए हैं। अन्य वोटों का पुनरीक्षण हुआ है और सही आंकड़ा आ जायेगा।

## पूर्व मेयर ने वर्तमान मेयर से कहा, स्थिति तो करो आप हमें स्पष्ट

## आपने कहा था नहीं बढ़ेगा टैक्स और दफ्तर का बाबू नहीं दे रहा है कोई रिलैक्स

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मेयर अशु वर्मा ने वर्तमान मेयर सुनीता दयाल को एक लैटर लिखा। लैटर का मैटर ही कुछ ऐसा है कि सवाल सिस्टम पर खड़ा हो गया है। अशु वर्मा खुद मेयर रहे हैं और वो जानते हैं कि मेयर के शब्दों का क्या मूल्य होता हैं। मेयर के निर्देश निगम में क्या अहमियत रखते हैं। अशु वर्मा आमतौर पर किसी विवाद से खुद को दूर रखते हैं। लेकिन वो सही स्थिति को जरूर रखते हैं। मुद्दा हाउस टैक्स को लेकर है और जब निगम के बाबू ने पूर्व मेयर को ही पुरानी दर पर टैक्स जमा करने से मना कर दिया तो फिर ये सवाल खड़ा हो गया कि सदन की उस बैठक का क्या हुआ जिसमें मेयर ने कहा था कि बढ़े हुए कर वृद्धि का प्रस्ताव निरस्त किया जाता है। इसके बाद मेयर ने ये कहा था कि कोई भी व्यक्ति बढ़ी हुई दर पर कर जमा ना कराये। लेकिन कहानी में मोड तब आ गया जब एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में पूर्व मेयर अशु वर्मा ने अपने भवन का हाउस टैक्स जमा करने के लिए अपने एक कर्मचारी को भेजा।

पुरानी दर पर कर जमा कराने के लिए कहा गया था और छूट की बात थी। लिहाजा उसी हिसाब से कर्मचारी को धनराशी दी गई। लेकिन पूर्व मेयर अशु वर्मा उस समय हैरान रह गये जब निगम दफ्तर पहुंचकर उनके कर्मचारी का फोन आया। पता चला कि वहां मौजूद सरकारी क्लर्क ने पुराना बिल देखा लेकिन पुरानी दर पर टैक्स लेने से मना कर दिया।

कह दिया कि पार्ट में जमा कर सकते हैं लेकिन रेट नए लगेंगे। इसके बाद पूर्व मेयर अशु वर्मा ने जब टैक्स जमा करने वाले कर्मचारी से बात की तो जोनल प्रभारी के दफ्तर में मौजूद कर्मचारी ने इंकार किया और फिर इसके बाद पूर्व मेयर अशु वर्मा ने वर्तमान मेयर सुनीता दयाल को उनके दो वक्तव्यों का ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि 17नवंबर 2025 और 3 दिसम्बर 2025 को स्पष्ट कहा कि हाउस टैक्स की बढ़ी हुई दरें इस वित्तीय वर्ष में लागू नहीं होंगी। हाउस टैक्स 20 प्रतिशत छूट के साथ पुरानी दर से ही लागू होगा। आपके इस वक्तव्य के आधार पर मैंने 17 दिसम्बर को अपने आवास का हाउस टैक्स जमा करने के लिए कविनगर जोनल कार्यालय भेजा था। यहां पर मौजूद बाबू ने पिछली दर से टैक्स जमा करने के लिए स्पष्ट मना कर दिया। मेरे द्वारा भेजी गई धनराशि को पार्ट पेयमेंट के रूप में जमा कर लिया। पूर्व मेयर ने अपने पत्र के साथ मेयर सुनीता दयाल को बिल भी एन्क्लोज्ड के रूप में भेजा और पूछा है कि आपसे निवेदन है कि हाउस टैक्स के विषय में नगर निगम गाजियाबाद की क्या स्थिति है, इसे स्पष्ट करें। जिससे कि शहर के निवासी भ्रम की स्थिति में ना रहें और उन्हें स्पष्ट हो जाये कि हाउस टैक्स किस दर से भरना है।



**पूर्व मेयर ने अपने पत्र के साथ मेयर सुनीता दयाल को बिल भी एन्क्लोज्ड के रूप में भेजा और पूछा है कि आपसे निवेदन है कि हाउस टैक्स के विषय में नगर निगम गाजियाबाद की क्या स्थिति है, इसे स्पष्ट करें।**



### कर्मचारी बोला हमारे साफ्टवेयर में फीड है बढ़ा टैक्स

करंट क्राइम। टैक्स को लेकर नगर निगम के पूर्व मेयर ने आखिर वर्तमान मेयर को पत्र क्यों लिखा। टैक्स वाली विंडो पर बैठा बाबू पुरानी दर से जमा करने को इंकार कर रहा है। उसने ये भी बता दिया कि मैं चाहूं तो भी कम दर पर टैक्स जमा नहीं होगा क्योंकि हमारे साफ्टवेयर में तो बढ़ा हुआ टैक्स फीड है। हमारे पास पुरानी दर से टैक्स जमा करने का कोई आर्डर नहीं है। जोनल प्रभारी ने भी पूर्व मेयर को कहा कि हमारे पास ऐसा कोई आर्डर नहीं है कि पिछली दर से टैक्स जमा किया जाये।

### मेयर ने कहा था इस वित्तीय वर्ष में लागू नहीं होगा नया हाउस टैक्स

करंट क्राइम। लैटर जब पूर्व मेयर ने मौजूदा मेयर को लिखा तो पूरा मैटर बाहर आ गया। दरअसल इस बात से हजारों लोग प्रभावित है और एहसास तब हुआ जब पूर्व मेयर ने अपना बिल भी नई दर पर जमा किया। उन्होंने पत्र लिखकर मेयर से ही पूछ लिया कि आपने तो स्पष्ट कहा था कि हाउस टैक्स मार्च 2026 के बाद ही बढ़ेगा। इस वित्तीय वर्ष में हाउस टैक्स की बढ़ी दरें लागू नहीं होगी। हाउस टैक्स 20प्रतिशत छूट के साथ पुरानी दर से जमा होगा। अब मेयर को बताना है कि नगर निगम गाजियाबाद की क्या नीति है। शहर के निवासी किसी भ्रम की स्थिति में ना रहें और उन्हें पता तो चले कि हाउस टैक्स किस दर से भरना है।

## रिटायर्ड डीएसपी पीपी कर्णवाल का निधन

### हिंडन तट पर हुआ अंतिम संस्कार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रिटायर्ड डीएसपी पीपी कर्णवाल का गुरूवार को निधन हो गया। पीपी कर्णवाल गाजियाबाद में लंबे समय तक पुलिस लाईन में आरआई के पद पर तैनात रहे। उनकी गिनती बेहद मिलनसार और सिद्धान्तवादी पुलिस अधिकारी के रूप में होती थी। आरआई के पद से प्रमोशन के बाद वो कुछ दिनों तक यातायात विभाग में भी क्षेत्राधिकारी के पद पर तैनात रहे। सेवा काल में उन्होंने अपने व्यवहार से अपने संबंधों का बड़ा नेटवर्क बनाया। रिटायर होने के बाद पीपी कर्णवाल गोल्फलिंक लैंडक्राफ्ट में रह रहे थे। उनका अंतिम संस्कार हिंडन मोक्ष स्थल पर किया गया। अंतिम संस्कार में विभाग के अलावा समाज के सभी वर्गों के गणमान्य लोग पहुंचे और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।



# लोकसभा से पास हुआ 'जी राम जी' बिल, विपक्ष का हंगामा

## कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बोले- हम गांधी के आदर्शों पर चलने वाले लोग

### कृषि मंत्री ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने फंड का दुरुपयोग किया

**नई दिल्ली।** संसद में विपक्षी दलों के हंगामे के बीच शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत जी-राम-जी विधेयक पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहता। केंद्रीय कृषि मंत्री ने सरकार की तरफ से जारी आंकड़े पेश करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने फंड का दुरुपयोग किया, लेकिन हमारी सरकार ने विकास कार्यों पर खर्च करने पर जोर दिया। शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि सरकार किसानों के साथ-साथ गरीबों के कल्याण के लिए विधेयक लाई है, जिसका विरोध किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, सबसे पहले इस पवित्र सदन में मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। सभापति महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं। इस विषय पर हमने माननीय सदस्यों के विचार सुने हैं। अब जवाब देना मेरा अधिकार है। मैं आपसे संरक्षण चाहता हूं। मैंने रात के डेढ़ बजे तक माननीय सदस्यों की बात सुनी है।

> ‘सरकार किसानों के साथ-साथ गरीबों के कल्याण के लिए विधेयक लाई है’

अपनी बात सुना देना और फिर जवाब न सुनना ये लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार करना है। संविधान की धज्जियां उड़ाना है। ये बापू के आदर्शों की हत्या भी कर रहे हैं। अपनी बात सुना दो और हमारी न सुनो। ये भी हिंसा है। यह बापू के आदर्शों की हत्या करने का काम कांग्रेस और बाकी विपक्ष कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, सबसे पहले मैं पूज्य बापू (राष्ट्रपति महात्मा गांधी) के चरणों में प्रणाम करना चाहता हूं। बापू हमारी श्रद्धा हैं। बापू जी हमारे आदर्श हैं। बापू हमारी प्रेरणा हैं। बापू हमारे विश्वास हैं। इसलिए माननीय अध्यक्ष महोदय भारतीय जनता पार्टी ने अपने पंच निष्ठाओं में गांधी के सामाजिक-आर्थिक दर्शन को स्थान दिया है। हम गांधी जी के आदर्शों पर चलने वाले हैं। गांधी जी ने ही कहा था कि गांव भारत की आत्मा है। अगर गांव मर जाएंगे, भारत मर जाएगा।

**'किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं करते' :** कृषि मंत्री ने कहा, यह गांवों के विकास का विधायक है। माननीय प्रतिपक्षी सदस्यों ने कई तरह के आरोप लगाए। एक बात यह कही कि हम भेदभाव करते हैं। सारा देश हमारे लिए एक है। चेन्नई हो या गुवाहाटी, अपना देश-अपनी माटी। अलग भाषा-अलग वेष, फिर भी अपना एक देश। उन्होंने आगे कहा, मैं इनको बताना चाहता हूं कि अटल जी ने क्या कहा था। माननीय अध्यक्ष महोदय, हम देश के किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं करते। हमारे नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था - यह देश हमारे लिए जमीन का टुकड़ा नहीं है, जीता-जाता राष्ट्र पुरुष है।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की टिप्पणी पर जवाब देते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सनक मोदी सरकार पर सवार नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने खानदान का महिमामंडन करने के लिए इन्होंने महात्मा गांधी की बजाय केवल नेहरू परिवार के नाम पर सरकारी योजनाओं का नामकरण किया। कांग्रेस पर खानदान के महिमामंडन में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए शिवराज ने कहा कि नेहरू परिवार के नाम पर योजनाओं के नाम रखे गए।

## सदन में फाड़ी गई विधेयक की कॉपी



## इस बिल के खिलाफ हम संसद से लेकर सड़क तक लड़ेंगे : खरगे

**नई दिल्ली।** विपक्षी सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर के अंदर जी-राम जी विधेयक के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। इसे वापस लेने की मांग की।'महात्मा गांधी एनआरईजीए' के विशाल बैनर के पीछे, वह प्रेरणा स्थल पर गांधी प्रतिमा से मकर द्वार तक मार्च करते हुए सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद और सड़कों पर सरकार के इस कदम का विरोध करने का संकल्प लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल, डीएमके की के कन्हीमोझी, टीआर बल्लू, ए राजा, आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत और आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन सहित अन्य लोगों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।



विरोध प्रदर्शन के बाद खरगे ने एक्स पर पोस्ट कहा, ₹मोदी सरकार ने न केवल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान किया है, बल्कि काम करने के अधिकार को भी कुचल दिया है, जो भारत के गांवों में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। इसके साथ ही खरगे ने कहा, सत्ताधारी तानाशाही सरकार के इस अत्याचार के खिलाफ हम संसद से लेकर सड़कों तक लड़ेंगे। वहीं, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी भी विरोध प्रदर्शन कर रहे सांसदों के साथ मकर द्वार पर हुए प्रदर्शनों में शामिल हुईं।

पत्रकारों से बात करते हुए वेणुगोपाल ने कहा, आज संसद में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। एनआरईजीए से महात्मा गांधी का नाम हटाकर वे लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ-साथ राष्ट्रपिता की विचारधारा को भी खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। यूपीए सरकार के शासनकाल के एमजीएनआरईजीए की जगह लेने के लिए विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी आरएएम जी) विधेयक पर संसद में बहस चल रही है।

### सरकार किसानों के साथ-साथ गरीबों के कल्याण के लिए विधेयक लाई : कृषि मंत्री

## हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में अब केवल दो कार्यदिवस बचे हैं। लोकसभा में राष्ट्रीय राजधानी- दिल्ली और इसके आसपास वायु प्रदूषण के कारण उपजे गंभीर हालात पर चर्चा होनी थी। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी विपक्षी खेमे की तरफ से चर्चा की शुरूआत करनी थी। हालांकि, प्रश्नकाल के बाद हंगामे के बीच वीबी- जी राम जी विधेयक पारित हुआ और स्पीकर ओम बिरला ने कार्यवाही कल तक स्थगित कर दी।



संसद में आज विपक्षी दलों के हंगामे के बीच शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत जी-राम-जी विधेयक पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहता। केंद्रीय कृषि मंत्री ने सरकार की तरफ से जारी आंकड़े पेश करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने फंड का दुरुपयोग किया, लेकिन हमारी सरकार ने विकास कार्यों पर खर्च करने पर जोर दिया।

शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि सरकार किसानों के साथ-साथ गरीबों के कल्याण के लिए विधेयक लाई है, जिसका विरोध किया जा रहा है।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की टिप्पणी पर जवाब देते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सनक मोदी सरकार पर सवार नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने खानदान का महिमामंडन करने के लिए इन्होंने महात्मा गांधी की बजाय केवल नेहरू परिवार के नाम पर सरकारी योजनाओं का नामकरण किया।

## मनरेगा का नाम बदले जाने पर भड़कीं सीएम ममता

### कहा- हम कर्मश्री योजना का नाम महात्मा गांधी पर रखेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि उनकी सरकार ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना 'कर्मश्री' का नाम बदलकर महात्मा गांधी के नाम पर रखेगी। इसके साथ ही केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए ममता ने कहा कि नरेगा स्कीम से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना शर्मनाक है; अगर वे राष्ट्रपिता को सम्मान नहीं दे सकते, तो हम देंगे।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बिजनेस एंड इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में भाजपा का सीधे नाम लिए बिना कहा कि अगर कुछ राजनीतिक दल हमारे



राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करने में विफल रहते हैं, तो हम उनका सम्मान करेंगे। ममता ने कहा कि मुझे शर्म आती है कि उन्होंने नरेगा कार्यक्रम से महात्मा गांधी का नाम हटाने का फैसला किया है। हम अब राष्ट्रपिता को भी भूला रहे हैं। अब हम अपने राज्य की कर्मश्री योजना का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखेंगे। 'कर्मश्री' योजना के तहत सरकार का दावा है कि वह लाभार्थियों को 75 दिनों तक का काम देती है, इसके बावजूद कि बनर्जी ने कहा कि केंद्र मनरेगा के तहत फंड रोक रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का लक्ष्य भविष्य में 'कर्मश्री' के तहत काम के दिनों की संख्या बढ़ाकर 100 करना है। उन्होंने कहा, हमने पहले ही 'कर्मश्री' के तहत बहुत सारे कार्यदिवस बनाए हैं, जिसे हम अपने संसाधनों से चला रहे हैं।

## कड़ाके की ठंड में निगम की गर्म पहल—60 सार्वजनिक स्थलों पर जल रहे अलाव, निराश्रितों और राहगिरियों को राहत

### पिछले दो वर्षों से उद्यान विभाग की एकत्र लकड़ियों से हो रही अलाव व्यवस्था, बिना अतिरिक्त खर्च ठंड से बचाव





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बढ़ती ठंड को देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम ने शहर में अलाव व्यवस्था को और सशक्त कर दिया है।

ठिठुरन भरे मौसम में निराश्रितों, यात्रियों और राहगिरियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा वर्तमान में लगभग 60 सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से अलाव जलवाए जा रहे हैं। इसके लिए आश्रय स्थलों के साथ-साथ प्रमुख चौराहों, मार्गों और उन स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां रात के समय निराश्रितों की संख्या अधिक रहती है। नगर निगम द्वारा रेलवे स्टेशन साहिबाबाद, मोहन नगर रोडवेज बस अड्डा, सूर्य नगर चौकी, बृज विहार पुलिया, आयकर भवन, सेक्टर-23 संजय नगर चौक, जस्सीपुरा मोड़, कालका गाड़ी पुलिस चौकी, एमएमजी अस्पताल के पास, पीएसी चौक केला भट्टा, कमला नेहरू नगर चौक, डबल टंकी मिजार्पुर चौराहा सहित अन्य स्थायी व अस्थायी आश्रय स्थलों के बाहर अलाव की व्यवस्था की गई है। विशेष रूप से रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और अस्पतालों के आसपास राहगिरियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम पिछले दो वर्षों से अलाव व्यवस्था पर अलग से कोई व्यय नहीं कर रहा है। उद्यान विभाग द्वारा रख-रखाव और कटान से एकत्र लकड़ियों का उपयोग कर अलाव जलाए जा रहे हैं, जिससे राजस्व की बचत के साथ मानवीय जिम्मेदारी का भी निर्वहन हो रहा है। हेड माली, सुपरवाइजर और उद्यान पर्यवेक्षक अजय हरित की निगरानी में चिन्हित स्थलों पर समय से अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

शहर के विभिन्न जोनों में अलाव की स्थिति पर नजर रखते हुए सिटी जोन में 19, कविनगर में 10, विजय नगर में 7, मोहन नगर जोन में 10 और वसुंधरा जोन में 11 स्थानों पर नियमित अलाव जलाए जा रहे हैं।

नगर आयुक्त ने बताया कि आवश्यकता के अनुसार आने वाले दिनों में 60 से अधिक स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था की जाएगी। संबंधित अधिकारियों और टीम को निर्देश दिए गए हैं कि ठंड से बचाव के लिए चिन्हित सार्वजनिक स्थलों पर समय से अलाव जलते रहें। इसके साथ ही नंदी पार्क गौशाला एवं बेसहारा पशुओं के लिए भी आवश्यक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है, जो नगर निगम की संवेदनशील कार्यशैली को दशार्ता है।

**जोनवार अलाव व्यवस्था की स्थिति**

| | |
|---|---|
| सिटी जोन | 19 स्थल |
| कविनगर जोन | 10 स्थल |
| विजय नगर जोन | 7 स्थल |
| मोहन नगर जोन | 10 स्थल |
| वसुंधरा जोन | 11 स्थल |

**ठंड के इस दौर में निगम की यह पहल शहर के कमजोर तबकों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है।**

## अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गोष्ठी शिक्षा को बताया तरक्की की कुंजी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अल्पसंख्यकों के शैक्षिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मदरसा अल इदारा इस्लामिक स्कूल, डासना में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिग्विजय सिंह ने की, जिसमें मान्यता प्राप्त मदरसों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

गोष्ठी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिग्विजय सिंह ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की जानकारी दी। समाजसेवी यहया कुरैशी ने शिक्षा को रोजगार, तरक्की और जीवन में खुशहाली का आधार बताते हुए समुदाय को तालीम के प्रति जागरूक किया। वारिस निशा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक शबाब खान एवं मदरसा अल इदारा इस्लामिक स्कूल के प्रबंधक शोएब खान ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय की प्रगति के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है, जिससे देश के विकास में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। अल्मास फाउंडेशन की प्रबंधक अल्मास अब्बासी ने महिलाओं के सशक्तीकरण, महिला अधिकार एवं संविधान से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे।






इस अवसर पर मदरसा फैज-ए-आम, कल्छीना के प्रबंधक हामिद, मदरसा ए.के. आजाद के प्रधानाचार्य फरमान एवं प्रबंधक रिजवान अली सहित शमशाद अली, चांद मोहम्मद, अब्दुल्ला, सहाजुद्दीन, वक्फ निरीक्षक संतराम पाल एवं कंप्यूटर ऑपरेटर नवीस अहमद खान उपस्थित रहे। गोष्ठी का समापन यहया कुरैशी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## श्री रामकथा के छठा दिवस वन गमन और केवट चरित्र से सेवा एवं त्याग का संदेश

### प्रभु श्री राम के आदर्श आचरण ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्री सत्यानारायण मंदिर, बृज विहार में चल रही श्री रामकथा के छठे दिन कथा स्थल पर त्याग, करुणा और सेवा भाव का विशेष वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास पं. श्रीकांत पाण्डेय जी ने आज के प्रसंग में प्रभु श्री राम के वन गमन तथा केवट चरित्र का अत्यंत मार्मिक एवं प्रेरणादायी वर्णन किया। कथावाचक बताया कि किस प्रकार प्रभु श्री राम ने राजसिंहासन और वैभव को त्याग कर माता-पिता की आज्ञा को सर्वोपरि माना। यह प्रसंग जीवन में कर्तव्य, संयम और मयार्दा के पालन का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है। वहीं केवट चरित्र के वर्णन में उन्होंने सेवा भाव, निष्काम कर्म और आत्मसम्मान की भावना को विस्तार से समझाया। केवट द्वारा प्रभु के चरण धोने का प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। आज की कथा के यजमान चौधरी प्रकाश एवं संतोष देवी बैसोया रहे। वहीं आज का प्रसाद लक्ष्मी स्वीट एवं कचौड़ी भंडार, यमुना बाजार, दिल्ली की ओर से श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। छठे दिन की कथा में अनेक श्रद्धालु एवं विशिष्ट जन उपस्थित रहे और भावविभोर होकर कथा का श्रवण किया। इनमें पूर्व पार्षद तेजपाल राणा, शाश्वत कुमार, अभिषेक कुमार, अभय तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## शीत लहर के प्रकोप से पशुधन की सुरक्षा हेतु एडवाइजरी जारी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. एस.पी. पाण्डेय ने शीत लहर को देखते हुए पशुधन की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि लगातार गिरते तापमान के कारण पशु-पक्षियों के बीमार होने, दुग्ध उत्पादन घटने, प्रजनन क्षमता प्रभावित होने तथा मृत्यु तक की आशंका रहती है। ऐसे में सभी पशुपालकों और नागरिकों से अपील की गई है कि पालतू एवं निराश्रित पशु-पक्षियों को ठंड से बचाने की समुचित व्यवस्था करें।

डा. पाण्डेय ने बताया कि पशुओं को ठंडी हवाओं से बचाने के लिए आवास को ढककर रखें, गर्म झूल व पर्दों की व्यवस्था करें और संतुलित आहार के साथ कंसन्ट्रेट राशन बढ़ाएं। हरे चारे के साथ भूसा, पराली, गन्ने का चारा, सरसों व मूंगफली की खली तथा गुड़ खिलाने की सलाह दी गई है। धूप निकलने पर पशुओं को धूप में बांधें तथा नवजात पशुओं को खीस (कोलेस्ट्रम) अवश्य पिलाएं। फर्श को सूखा व साफ रखें और पशु आवास में धुएं से बचाव करते हुए अलाव की सुरक्षित व्यवस्था करें।

उन्होंने बताया कि पशुओं को गुनगुना पानी पिलाएं, विशेषकर प्रसव के बाद मां को अजवाइन मिला गुनगुना पानी दें। भेड़-बकरियों व गर्भित पशुओं का विशेष ध्यान रखें तथा शीत लहर के दौरान टीकाकरण सुनिश्चित करें। पशु बीमार होने पर तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सालय, पशु सेवा केंद्र या हेल्पलाइन 1962 पर संपर्क करें। आपदा में पशु मृत्यु होने पर राहत हेतु राजस्व विभाग से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

**क्या न करें:** शीत लहर के दौरान पशुओं को मेले में न ले जाएं, ठंडा चारा या ठंडा पानी न पिलाएं, पशु आवास में अत्यधिक धुआं न करें और मृत पशुओं को खुले में न फेंकें। अलाव जलाते समय बच्चों को खुला न छोड़ें।

## पिलखुवा में नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने 2 सड़कों का किया लोकार्पण



**पिलखुवा, करंट क्राइम।** पिलखुवा में आम जनमानस की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद पिलखुवा अध्यक्ष विभू बंसल ने वार्ड नंबर 4 और वार्ड नंबर 7 में सड़कों का वार्ड नंबर 4 के सभासद पति पवन चौधरी और वार्ड नंबर 7 के सभासद नरेश भारती एवं सम्मानित मोहल्ला वासीयों के साथ लोकार्पण किया। इससे मोहल्ले वासी बहुत खुश हैं मोहल्ले वासियों का कहना है सड़क के बनने से अब आने जाने में सुविधा होगी। गलियां भी साफसुथरी रहेंगी।



विभू बंसल ने कहा है कि हमने शासन में कई योजनाओं की डिमांड की हुई है। जल्द ही शासन से पिलखुवा नगर के विकास के लिए योजनाएं स्वीकृत हो जाएगी जिससे पिलखुवा नगर के विकास कार्य तेजी से प्रारम्भ हो जायेंगे। लोगों का खुशी से भरा चेहरा देखकर मन को शांति मिलती है।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...









## 205 पुलिसकर्मी, 105 पिंक बूथ और सख्ती का असर

# महिला अपराधों में 39% गिरावट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने वर्ष 2025 में थाना-स्तर पर सशक्त और जवाबदेह व्यवस्था लागू की। कमिश्नरेट प्रणाली के बाद प्रत्येक थाने को महिला अपराध की रोकथाम, त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील पुलिसिंग की स्पष्ट जिम्मेदारी दी गई। मिशन शक्ति केंद्र, पिंक बूथ और एंटी-रोमियो स्क्वॉड को सीधे थाना प्रभारी स्तर से जोड़ा गया, जिससे शिकायत पर तत्काल पुलिस प्रतिक्रिया सुनिश्चित हुई और अपराधियों में कानून का भय पैदा हुआ।

### हर थाने पर महिला सुरक्षा की फुल-टाइम तैनाती

**मिशन शक्ति केंद्र** (प्रत्येक थाना)




- नगर क्षेत्र: 77 पुलिसकर्मी
- ट्रांस हिंडन: 67 पुलिसकर्मी
- ग्रामीण क्षेत्र: 61 पुलिसकर्मी
- कुल तैनाती: 205 पुलिसकर्मी

**- 360-डिग्री काउंसलिंग, मार्गदर्शन, शिकायत और आत्मनिर्भरता पर फोकस**

**पिंक बूथ (थाना क्षेत्र में विशेष महिला डेस्क)**




- नगर: 45
- ट्रांस हिंडन: 24
- ग्रामीण: 36
- कुल पिंक बूथ स्टाफ: 105

**-महिला पुलिसकर्मियों द्वारा गोपनीय व सुरक्षित शिकायत व्यवस्था**

**एंटी-रोमियो स्क्वॉड (थाना-वार सक्रिय टीम)**



- नगर: 17
- ट्रांस हिंडन: 24
- ग्रामीण: 18
- कुल टीम सदस्य: 59

**- स्कूल, कॉलेज, बाजार व सार्वजनिक स्थलों पर नियमित गश्त**

**आंकड़े जो सिस्टम की ताकत दिखाते हैं (2023 बनाम 2025)**



- **कुल महिला अपराध:** 1355 - 824 ( -39.19% )
- **बलात्कार:** 133 - 87 ( -34.58% )
- **शीलभंग:** 265 - 134 ( -49.43% )
- महिला उत्पीड़न: 824 - 520 ( -36.89% )

## जब भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ने कसा तंज

# तब सिंह साहब भी जरूर हुए तो होंगे दंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ये कहानी कहीं पर तंज भी है और कहीं पर रंज भी है। ये शब्द अपने आप में दंग भी कर रहे हैं और बता भी रहे हैं कि आपने तो कृपा का बादल कहीं दिखाया और कहीं बरसाया लेकिन कार्यकर्ताओं का तो अब दिल भर आया है। असल में सरकारी कृपा की बात करें तो इंतजार करते करते देवतुल्यों की आंखे थक गईं। अब वो इस विषय पर बात ही नहीं करते हैं। बड़ी बात ये है कि सरकार की दूसरी पारी का अब एक साल ही रह गया है और अभी तक किसी भी कार्यकर्ता को ना तो नामित पार्षद बनाया गया है, ना जीडीए बोर्ड सदस्य बनाया गया है, ना किसी आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है। ऐसा लगता है कि देवतुल्य को तो केवल काम करने के लिए बनाया गया है। दल में क्या चल रहा है ये दिखाई देता है और दल वालों के दिल में क्या चल रहा है इसकी बानगी तब दिखाई दी जब भाजपा के पूर्व महानगर संयोजक एसपी सिंह ने एक पोस्ट साझा की। उन्होंने पूर्व डीपीजी प्रशांत कुमार को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। बताया कि वो 1990 बैच के आईपीएस रहे हैं। अब शिक्षा आयोग के अध्यक्ष होंगे। उनका तीन साल का कार्यकाल होगा। उच्च और माध्यमिक दोनों आयोगों के अध्यक्ष होंगे प्रशांत कुमार। ये सलेक्शन की बात थी और यहां पर भाजपा के पूर्व महानगर संयोजक और उत्तर




प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य रहे सरदार एसपी सिंह ने इस बधाई को खुद तक सीमित नहीं रखा और उन्होंने इसे भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित 7 लोगों को टैग किया। एसपी सिंह की बधाई पर भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने जो कुछ कहा वो तंज भी है और मौजूदा हालात को लेकर देवतुल्यों की स्थिति का रंज भी है। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष पूर्व क्षेत्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश संयोजक अजय शर्मा ने लिखा कि अधिकारियों को ही सब कुछ देते रहो और कार्यकर्ता तो .... हैं। अब .... में क्या शब्द भरे जाने हैं ये अजय शर्मा बेहतर जानते हैं और इस पोस्ट को समझने वाले बेहतर बता सकते हैं। लेकिन यहां इस सलेक्शन के बाद अजय शर्मा के कमेंट पर रिएक्शन आया। भाजपा के अजय




चौधरी ने लिखा कि सही कहा बिल्कुल, कार्यकर्ता तो दरी बिछाने को है। यहां पर भाजपा के जावेद खान सैफ आये और उन्होंने भी अपने शब्दों को अपना रंज बयां कर दिया और लिख दिया कि कार्यकर्ताओं के सम्मान में अजय शर्मा भी मैदान में। अजय शर्मा की इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया आई और यहां पर ये बात निकल कर आई कि कार्यकर्ता को आखिर कुछ क्यों नहीं मिल रहा है। ये कड़े शब्द भी एक तरह की प्रतिक्रिया हैं। दरअसल कार्यकर्ता अब इंतजार करते करते थक चुके हैं। उनकी लिस्ट कभी तैयार होती है तो कभी लापता हो जाती है। वो जब भी अपने ईनाम की बात करते हैं तो संगठन के आयाम आ जाते हैं। अब जब अधिकारी को अध्यक्ष का खिताब मिला तो ये खिताब ही एक एहसास के सामने आया। एक पोस्ट में भाजपा के ही पूर्व महानगर संयोजक ने बधाई दी और उसी पर भाजपा के ही पूर्व महानगर अध्यक्ष ने रूसवाई का पैगाम दिया। आखिर इस .... का क्या मतलब है ये तंज है, ये रंज है, ये क्या है, ये अजय शर्मा बेहतर बता सकते हैं। लेकिन जो बात भाजपा खेमे से निकल कर बाहर आ रही है वो ये है कि सही ही तो कह रहे हैं अजय शर्मा। आखिर पता तो चले कि कार्यकर्ता क्या हैं और अब ये ही लग रहा है कि बधाई के जवाब में इस कमेंट को देखकर सिंह साहब के दिल पर भी डेंट तो लगा होगा। फिर उन्होंने मुस्कुराकर इसे पेंट कर दिया होगा। बहरहाल एक बधाई एक रूसवाई के बीच दोनों तरफ भाजपाई हैं। वो यही पूछ रहे हैं कि कृपा का बादल अधिकारियों पर बरसेगा और काम की बौछारें हम पर आयेंगी।

# SIR अभियान में वोट लगी घटने तो फार्म-6 लगे बंटने!

### सबसे बड़ी विधानसभा में अब यही है सबसे बड़ा सहारा



**दैनिक करंट क्राइम ने एसआईआर अभियान को लेकर एक रिपोर्ट भी जारी की थी जिसमें बताया गया था कि मोदीनगर और मुरादनगर में सुधार है लेकिन शहर सीट और साहिबाबाद सीट पर अभियान सुस्त चल रहा है।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा जोर शोर से जुटी थी। उसने अपने बीएलए लगाये और अपने कार्यकर्ताओं को लगाया। मंडल अध्यक्षों की ड्यूटी लगी और इसकी मॉनीटरिंग के संयोजक भी बने। खुद गाजियाबाद के शहर विधायक संजीव शर्मा को एसआईआर अभियान का प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया। लेकिन भाजपा को झटका तब लगा जब उसका सबसे बड़ा गढ़ कहे जाने वाले साहिबाबाद में ये अभियान पिछड़ गया। भाजपा का ये इतना बड़ा गढ़ है कि देश की सबसे बड़ी जीत ही भाजपा को इस विधानसभा से मिली है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा यहां से विधायक हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि वो मंत्री रहते हुए भी अपनी विधानसभा में एक विधायक के रूप में पूरी तरह एक्टिव रहते हैं। वो सुबह सवेरे पार्कों में लोगों से मुलाकात करते हैं। वो कॉथिक मेले से लेकर लिट्टी चोखा की दावत में मिलेंगे। मंडल में क्या घट रहा है, उनको पल पल की जानकारी होती है। खुद सहिबाबाद विधायक भी लोगों को जागरूक करने के लिए इस अभियान में उतरे। लेकिन उसके बाद भी जब अभियान का डाटा आया तो चर्चा है कि ये डाटा भाजपा के लिए एक तरह से घाटा लेकर आया। एसआईआर अभियान में वोट घट गये और ये वोट भाजपा के बताए जा रहे हैं। एसआईआर अभियान में साहिबाबाद ही भाजपा के लिए सबसे बड़ी टेंशन बना है।

दैनिक करंट क्राइम ने एसआईआर अभियान को लेकर एक रिपोर्ट भी जारी की थी जिसमें बताया गया था कि मोदीनगर और मुरादनगर में सुधार है लेकिन शहर सीट और साहिबाबाद सीट पर अभियान सुस्त चल रहा है। एसआईआर अभियान की तारीख भी बढ़ाई गई लेकिन एक्सटेंशन के बाद भी भाजपा की टेंशन कम नहीं हुई है। एसआईआर अभियान का ग्राफ बताता है कि ये अभियान घटने लगा है और अब सूत्र बताते हैं कि एसआईआर अभियान की तारीख बढ़ने के बाद भी मतदाताओं का रेस्पांस नहीं आया तो अब सुना है कि यहां बैकअप प्लान-2 तैयार हो गया है। इस पर काम चल रहा है। बैकअप प्लान फार्म -6 का है। सूत्र बताते हैं कि अब फार्म 6 लगातार बांटे जा रहे हैं। विधायक जी के दफ्तर से लेकर मंडल अध्यक्षों के दफ्तर तक फार्म 6 की धूम मची है। कार्यकर्ता फौज इस काम पर जुट गई है।

फार्म 6 हैंड टू हैंड भरकर लिया जा रहा है जब जमा होगा तब होता रहेगा लेकिन डाटा को बैकअप प्लान में ले लिया गया है। इस बैकअप प्लान से भाजपा को बड़ी उम्मीदे हैं और फार्म 6 लगातर बंट रहे हैं और क्षेत्र के कार्यकर्ता इन फार्मों को भरवाकर तैयार कर रहे हैं। अब उम्मीदों का बड़ा गठ्ठर फार्म 6 के रूप में आ रहा है। बताते हैं कि विधायक खुद अपनी विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ जुटे हुए हैं। विधायक जी की टीमें मंडल से लेकर वार्ड में लग गई है और फार्म 6 का एक बड़ा बैकअप प्लान तैयार भी कर लिया है और इस पर काम भी कर लिया है।

# फार्म 6 को लेकर मंडल और पूर्व मंडल प्रधान के बीच चल रही है वॉर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान के बाद अब फार्म 6 का अभियान शुरू होने वाला है। भाजपा की ये रणनीति है कि वो एसआईआर की कमी की भरपाई फार्म 6 वाले अभियान से करेगी। अधिक से अधिक फार्म 6 भरवाये जायेंगे और बड़ी संख्या में जब ये वोट बनेंगी तो जाहिर सी बात है कि भाजपा को सपोर्ट करेंगी। इंदिरापुरम मंडल में एक रोचक वॉर चल रही है। काम तो संगठन के लिए हो रहा है, काम तो भाजपा का हो रहा है। लेकिन यहां पर दिक्कत ये आ गयी है कि काम किसी का है और नाम किसी का हो रहा है। रोचक पहलू ये है कि ये सीन दोनों तरफ से हो रहा है और अब दोनों ही छोर फार्म 6 पर जोर लगा रहे हैं और ये मान रहे है कि ऑफ्टरऑल काम भाजपा का ही हो रहा है। इंदिरापुरम मंडल में भाजपा की मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता हैं। मंजुला गुप्ता यहां से पार्षद रही हैं। लिहाजा उन्हें वोटर लिस्ट कापूरा ज्ञान है और उन्हें ये भी पता है कि कौन से परिवार में कौन से मतदाता बढ़े हैं। उनकी ये सटीक जानकारी भाजपा के

### शुक्ला जी वाले फार्म पहुंचे गुप्ता जी के पास और गुप्ता जी के फार्म आ गये शुक्ला जी के पास




लिए प्रोफिट का सौदा बनी है। उनके पास वार्ड से लेकर मंडल कापूरा मसौदा है। लगातार काम में जुटी हैं और मंडल अंध्यक्ष मंजूला गुप्ता के दफ्तर से काम भी शुरू हो गया है। लेकिन कहानी में दूसरा मोड ये है कि इसी मंडल के अध्यक्ष रहे अजय शुक्ला भी फार्म 6 वाले अभियान को लेकर एक्टिव हैं। उनकी कार्यकर्ताओं से टयूनिंग है। वो भी यहां का सियासी नक्शा बेहतर जानते है।

मंडल अध्यक्ष मंजूला गुप्ता और पूर्व मंडल अध्यक्ष अजश शुक्ला दोनों की पुराने कर्मठ कार्यकर्ता हैं। लेकिन कहानी में क्रेडिट का रिमिक्स हो गया है। गलती किसी की नहीं है और गलती से मिस्टेक फार्म वाले छोर से हो रही है। हो ये रहा है कि जो अजय शुक्ला के जानकार हैं और जिन फार्मों पर अयज शुक्ला ने मेहनत की है वो लोग फार्म 6 भरकर मंडल अध्यक्ष के कार्यालय पर देकर आये हैं। मंडल अध्यक्ष मंजूला गुप्ता हैं और ये भी तय है कि जब फार्म उनके दफ्तर पर आये हैं तो उन्ही के खाते में चढ़ेंगे। लेकिन क्रेडिट की ये कहानी यहीं खत्म नहीं हो रही है ये फिर रोचक मोड ले रही है। जिन फार्मों पर मंडल अध्यक्ष के रूप में मंजूला गुप्ता ने मेहनत की है वो फार्म भी अपडेट होकर अजय शुक्ला के दफ्तर पर पहुंच गये हैं। अब ये ऐसी कहानी है जिसे दोनों बता भी नहीं सकते लेकिन वो अपने किये हुए काम का क्रेडिट किसी और के हिस्से में चढवा भी नहीं सकते।

इस मामले में ये माना जा रहा है कि पूर्व वालों को अभी भी क्षेत्र के लोग वर्तमान ही मान रहे हैं और चूंकि उन्होंने अपना अलग कार्यालय खोला हुआ है। इसलिए लोग वहां जाकर फार्म जमा करा रहे हैं। मौजूदा मंडल अध्यक्ष पार्षद भी रही हैं और वो एक्टिविटि के मोड में रहती हैं। उनकी वार्ड पर पकड़ गहरी है।

लिहाजा लोग उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हैं औरवो सीधे जाकर मंडल अध्यक्ष के कार्यालय में फार्म जमा करा रहे हैं। गलती से मिस्टेक लोग कर रहे हैं और दोनों ही मंडल वाले रिमिक्स के इस कमंडल को रोक नहीं पा रहे हैं।

# पहलवान ने चला गजब का दांव! एक ही दिन में करा दी कार्यकर्ताओं की प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नदिया पार की राजनीति में भगवा पहलवान का नाम कौन नहीं जानता। वो वार्ड की राजनीति के मास्टर हैं, वो विधानसभा की राजनीति के बड़े चेहरे हैं। वो समाजिक संस्था के जरिए कभी भी अपनी शक्ति दिखाते हैं और कार्यकर्ताओं की समस्या का समाधान भी बनते हैं। वो महामंत्री हैं और बड़े कार्यक्रम बड़ी आसानी से बड़ी सफलता के साथ आयोजित करा देते हैं। दैनिक करंट क्राइम ने प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा होने के बाद ये समाचार भी प्रकाशित किया था कि नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से गाजियाबाद के किसी नेता की पुरानी जान पहचान नहीं है। लिहाजा ऐसे में पुराने फोटो के साथ नई यादें ताजा नहीं होंगी। यहां पर इस मामले में सबसे आगे पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल आये। उन्होंने एक पुरानी फोटो के साथ प्रदेश अध्यक्ष को बधाई वाली सूचना दी। उन्होंने करंट क्राइम से ये भी बताया कि जान पहचान तो संसद से है और पुरानी है। उन्होंने कहा कि ये वो दौर था जब हम संसद की कैंटीन में साथ साथ लंच भी कर चुके हैं। बहरहाल इस ताजपोशी के बाद से ही ये सवाल भी उठ रहा था कि क्या मुलाकातों के मास्टर पप्पू पहलवान नए प्रदेश अध्यक्ष के साथ अपनी टीम का कोई फोटो जारी करेंगे। ये सवालों का करंट भी था कि नए प्रदेश अध्यक्ष आयें हैं और वो सबको नहीं जानते हैं। ऐसे में पहलवान क्या लखनऊ में अपनी टीम के चेहरों को प्रदेश अध्यक्ष से मिलवा पाते हैं। ये सवालों का करंट था और समाचार का इफैक्ट था कि भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने एक बड़ा संदेश दे दिया। उन्होंने साबित कर दिया कि हम नदिया पार की पोलीटिक्स के रेस्लर हैं। कोई ऐसा दांव नहीं है जो हमें ना पता हो और हमारे दांव का सिक्का दिल्ली से लेकर लखनऊ तक

**“मुलाकात की खास बात ये है कि प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात उनके दिल्ली वाले आवास पर हुई। पहलवान ने उन लोगों को संदेश दिया जो कह रहे थे कि प्रदेश अध्यक्ष उन्हें जानते नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष से खास मुलाकात और वो भी उनके आवास पर कराई और अपनी टीम के साथ पहुंचे। इसके साथ ये एहसास कराया कि केवल लखनऊ के गलियारों में नहीं बल्कि दिल्ली के सियासी कूचे में भी लोग हमें जानते हैं।**





चलता है। भाजपा वाले तो प्रदेश अध्यक्ष से ही मुलाकात की बात कह रहे थे और पप्पू पहलवान ने मुलाकातों का करंट दे भी दिया। वो अपनी टीम के साथ ना केवल प्रदेश अध्यक्ष से मिले बल्कि पूरी टीम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से भी मुलाकात की।

संदेश दे दिया कि खुद देख लो वो हमें जानते भी है, पहचानते भी हैं और मानते भी हैं। सवाल उठा था कि पहलवान अक्सर लखनऊ में कई बड़े चेहरों से अपनी टीम को मिलवाते हैं तो क्या ऐसे में वो नए प्रदेश अध्यक्ष से भी मुलाकात करायेंगे। पहलवान ने इसका उत्तर दिया और जब फोटो जारी हुए तो पता चला कि उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कराई। पहलवान और उनकी टीम ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से दिल्ली में बिहार भवन में यह मुलाकात की।

इसके बाद पहलवान ने अपनी टीम को भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से भी मिलवाया। इस मुलाकात की खास बात ये है कि प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात उनके दिल्ली वाले आवास पर हुई। पहलवान ने उन लोगों को संदेश दिया जो कह रहे थे कि प्रदेश अध्यक्ष उन्हें जानते नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष से खास मुलाकात और वो भी उनके आवास पर कराई और अपनी टीम के साथ पहुंचे। इसके साथ ये एहसास कराया कि केवल लखनऊ के गलियारों में नहीं बल्कि दिल्ली के सियासी कूचे में भी लोग हमें जानते हैं।

# संवाद

## संपादकीय

### कोहरा-दुर्घटना बढ़ता खतरा

दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की समस्या धीरे-धीरे गंभीर होती है और धुंध बढ़ने के साथ राजमार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ने लगती हैं। गहराते प्रदूषण संकट के बीच ठंड बढ़ने के साथ ही कोहरे की मार पड़ने लगी है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर आए दिन गाड़ियों के टकराने की खबरें आ रही हैं। मंगलवार को धुंध के कारण यमुना एक्सप्रेसवे पर आगरा से नोएडा के बीच सात बसों और तीन गाड़ियों के टकराने एवं कई अन्य शहरों में भी इसी तरह की दुर्घटनाओं में 25 लोगों की जान जाने के बाद यह बहस तेज हो गई है कि जवाबदेही कौन लेगा और कैसे रोकथाम के लिए कोई रास्ता निकलेगा। अभी तक तो प्रदूषण एवं धुंध के कारण बढ़ते संकट के बीच राजनीतिक बयानबाजी भर सामने आती रही है और जिम्मेदारी से बचने की कोशिश में सत्ता प्रतिष्ठान एवं प्रशासन दिखा है। हालात ये हैं कि सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियों का कोई असर नहीं पड़ रहा है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की समस्या धीरे-धीरे गंभीर होती है और धुंध बढ़ने के साथ राजमार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ने लगती हैं। राजमार्गों पर धुंध के बीच रफ्तार पर लगाम को लेकर न कोई चेतावनी है, न कोई अंकुश। दरअसल, प्रदूषण का गहराता संकट मौसम की मार तो है ही, सरकार की अनदेखी और लापरवाही से समस्या में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। इस तरह की दिक्कतों को लेकर चर्चा होती है, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। हाल में खबर आई कि दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश के सर्वाधिक प्रदूषित 32 शहरों में ग्यारह हरियाणा के पाए गए। स्पष्ट है कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में आसमान में धुएं की परत के आगे बेबसी है। सरकारी स्तर पर कवायद घोषणाओं और आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित दिखती है। यही वजह है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगाई कि प्रदूषण रोकने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल, हर साल ठंड शुरू होते ही हवा की दशा-दिशा में बदलाव के साथ ही आसमान में धुएं की परत जमने लगती है। यही वजह है कि पराली संकट व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से चिंतित सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। हालत यह है कि बहुत सारे लोगों के सामने सांस से संबंधित परेशानियों सहित कई तरह की मुश्किलें पैदा हो रही हैं, लेकिन अब भी प्रदूषण को कम या दूर करने के लिए कोई ईमानदार इच्छाशक्ति नहीं दिखती। किसानों के मुद्दों को जोर-शोर से उठाकर श्रेय लेने वाले राजनेताओं की जवाबदेही तय होनी चाहिए। बंपर पैदावार का श्रेय लेने वाले नेता तब कहां चले जाते हैं, जब पराली जलाने का संकट पैदा होता है? यह भी हकीकत है कि प्रदूषण संकट के मूल में सिर्फ पराली समस्या ही नहीं है। हमारी उपभोक्ता संस्कृति, वाहनों का अंबार, सार्वजनिक यातायात सुविधा का पर्याप्त न होना, अनियोजित निर्माण कार्य, जीवाश्म ईंधन का प्रयोग तथा कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न होना भी प्रदूषण संकट के मूल में है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, सोडियम अधिक होता है। ब्लड प्रेशर बढ़ता है।
- पिस्ता में बायोटिन पाया जाता है। बायोटिन बालों को झड़ने से रोकता है। बालों को पोषण प्रदान करता है और मजबूत बनाता है।
- पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसके सेवन से दृष्टि में सुधार होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।

## राशिफल

**मेष:** फाइनेंस और बिजनेस के लिए अनुकूल है। कारोबार में तरक्की की संभावना है। व्यवसाय की अनुकूल और प्रतिकूल परिस्थितियों का आकलन कर सकते हैं।

**वृष:** आज आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके विचारों को महत्व दिया जाएगा।

**मिथुन:** राशि के जातकों को बुरी संगति से बचना चाहिए। लाभ कम और व्यापार में हानि अधिक हो सकती है। सहयोगी की भूमिका स्पष्ट रूप से तय करने में लगे रहेंगे।

**कर्क:** आज आप फाइनेंस और बिजनेस के मामले में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रहेंगे। लाभ पूरी तरह से आपकी अपनी क्षमताओं और प्रयासों पर निर्भर करेगा।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका मन सामाजिक कार्यों की ओर रहेगा। पड़ोसियों के बीच आपका कद बढ़ेगा।

**कन्या:** आज आत्मसंयम में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन में मनमुटाव हो सकता है। मन में नकारात्मक विचारों के कारण मन पर चिंता हो सकती है।

**तुला:** आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी और व्यापार में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। धर्मनिष्ठ और समयनिष्ठ लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक:** आज आप अपने अच्छे विचारों से लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। आज मन के क्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। अनावश्यक खर्च नियंत्रण में रहेंगे।

**धनु:** धनु राशि वालों के प्रॉपर्टी के बड़े सौदे फायदेमंद रहेंगे। आर्थिक मामलों में आज अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। वरिष्ठ अधिकारियों से लाभ मिलेगा।

**मकर:** व्यापार के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। आज कोई नया निवेश न करें। आपका जन्म धनु राशि में हुआ है। आज चंद्रमा कर्क राशि में गोचर कर रहा है।

**कुंभ:** अनुभवी लोगों की राय लाभदायक रहेगी। आय के साधनों में वृद्धि होगी। आर्थिक सुख समृद्धि बनी रहेगी। जीवनसाथी से सुख मिलेगा।

**मीन:** प्रेम प्रस्ताव देने के लिए दिन ठीक है। मानसिक बेचैनी हो सकती है। जो करो ईमानदारी से करो। परिजनों के साथ आपकी तीखी नोकझोंक हो सकती है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारत-ओमान साझेदारी में नया अध्याय
# पीएम मोदी का मस्कट में ऐतिहासिक संबोधन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मस्कट में भारत-ओमान बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा और मजबूती देगा। उन्होंने इसे आने वाले दशकों तक असर डालने वाला ऐतिहासिक कदम बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच होने वाला व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करेगा। मस्कट में आयोजित भारत-ओमान बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन दोनों देशों की साझेदारी को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



### भारत अपने मित्र देशों की प्रगति में भी योगदान देता है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हम ऐसा ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। सीईपीए हमारे साझेदारी संबंधों को 21वीं सदी में नई मजबूती और नई ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि भारत का स्वभाव हमेशा प्रगतिशील और आत्मनिर्भर रहा है और जब भारत आगे बढ़ता है, तो अपने मित्र देशों की प्रगति में भी योगदान देता है।

उन्होंने इसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी बताया और कहा कि ओमान के लिए यह विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि दोनों देश न केवल करीबी मित्र हैं बल्कि समुद्री पड़ोसी भी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच पीढ़ियों पुराना विश्वास है और व्यापारिक संबंधों में एक-दूसरे के बाजारों की गहरी समझ है। ओमान की कंपनियों को भारत की विकास यात्रा में भागीदारी का निमंत्रण

प्रधानमंत्री ने ओमान की कंपनियों को भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने केवल नीतियां ही नहीं बदलीं, बल्कि अपने आर्थिक डीएनए में भी बदलाव किया है। इस दौरान उन्होंने जीएसटी और दिवाला व शोधन अक्षमता संहिता (क्इउ) जैसे प्रमुख सुधारों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर ओमान पहुंचे थे। आर्थिक मोर्चे पर भारत-ओमान के बीच व्यापारिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 10.5 अरब डॉलर रहा, जिसमें भारत का निर्यात लगभग 4 अरब डॉलर और आयात 6.54 अरब डॉलर रहा।

## 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए 8% वृद्धि जरूरी: गीता गोपीनाथ



**नई दिल्ली।** आईएमएफ की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में करीब सात फीसदी की दर से बढ़ सकती है, जो आईएमएफ के अनुमान से बेहतर है। जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2 फीसदी की वृद्धि और आरबीआई का संशोधित अनुमान मजबूती दिखाता है। वैश्विक अनिश्चितताओं और घरेलू चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में मजबूत रफ्तार बनाए रख सकती है। अनुमान है कि देश की जीडीपी करीब सात फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 6.6 फीसदी के अनुमान से बेहतर प्रदर्शन है और अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत देता है। आईएमएफ की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि भारत की वृद्धि दर पर आकलन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जुलाई-सितंबर तिमाही के आंकड़े आने से पहले किया गया था। इस तिमाही में भारत की विकास दर 8.2 फीसदी रही। इसके बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.8 फीसदी से बढ़ाकर 7.3 फीसदी कर दिया है।

### विकसित भारत का रास्ता

गीता गोपीनाथ के मुताबिक, यदि भारत अगले करीब 20 वर्षों तक लगभग आठ फीसदी की विकास दर बनाए रखता है, तो 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के काफी करीब पहुंच सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इतनी लंबी अवधि तक ऊंची विकास दर बनाए रखना आसान नहीं है। इसके लिए निरंतर आर्थिक सुधार, निवेश बढ़ाने और उत्पादकता सुधारने की जरूरत होगी।

## एसबीआई रिपोर्ट: मौजूदा कमजोरी के बावजूद अगले वित्त वर्ष में रुपये की मजबूत वापसी संभव

**नई दिल्ली।** एसबीआई एक रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा दबाव के बावजूद भारतीय रुपया अगले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में मजबूती से वापसी कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रुपये की चाल पर पहले विदेशी पोर्टफोलियो निवेश का बड़ा असर होता था, लेकिन अब वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं और व्यापार समझौतों में देरी प्रमुख कारक बन गए हैं।



रुपये में मौजूदा कमजोरी के बावजूद अगले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में मजबूती से वापसी करने की संभावना हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रुपया फिलहाल अवमूल्यन के दौर से गुजर रहा है, लेकिन भविष्य में इसमें सुधार देखा जाएगा।

### विदेशी निवेशकों का प्रभाव घटा

रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रुपये की चाल पर विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) का बड़ा असर हुआ करता था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 से पहले तक मजबूत पोर्टफोलियो इनफ्लो ही रुपये की दिशा तय करने का प्रमुख कारण थे।

आंकड़ों के अनुसार, 2007 से 2014 के बीच भारत में शुद्ध पोर्टफोलियो इनफ्लो औसतन 162.8 अरब डॉलर रहा। इसके मुकाबले 2015 से 2025 के दौरान यह घटकर 87.7 अरब डॉलर रह गया है।

### चुनौतियों के बावजूद भारत के व्यापार आंकड़े मजबूत लचीलापन दशार्ते हैं

इन चुनौतियों के बावजूद, रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के व्यापार आंकड़े मजबूत लचीलापन दशार्ते हैं। इसमें यह भी बताया गया है कि देश लंबे समय से चली आ रही वैश्विक अनिश्चितता, बढ़ते संरक्षणवाद और श्रम आपूर्ति में आए झटकों को बिना किसी बड़ी बाधा के संभालने में सक्षम रहा है।

### रुपये की गति को तीन चरणों में विभाजित किया जा सकता है

रिपोर्ट में बताया गया है कि समय के साथ रुपये की गति को तीन अलग-अलग चरणों में विभाजित किया जा सकता है। पहले चरण में, जनवरी 2008 से मई 2014 तक, डॉलर की मजबूती की तुलना में रुपये का मूल्य काफी अधिक गिर गया। इस अवधि के दौरान, डॉलर में औसतन 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि रुपये में औसतन 16.3 प्रतिशत की गिरावट आई, जो कमजोर घरेलू आर्थिक परिस्थितियों को दशार्ती है। दूसरे चरण में, मई 2014 से मार्च 2021 तक, रुपये के मूल्य में गिरावट मोटे तौर पर डॉलर की मजबूती के अनुरूप रही।

## लगातार चौथे दिन शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स-निफ्टी मामूली नुकसान के साथ बंद

**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 77.84 अंक गिरकर 84,481.81 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 3.00 अंक गिरकर 25,815.55 अंक पर आ गया। व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक बाजारों में सुस्त रुझान के बीच गुरुवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 77.84 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर 84,481.81 अंक पर बंद हुआ। दिन भर में इसमें 541.76 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया, जो 84,780.19 और 84,238.43 के बीच रहा। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 3.00 अंक या 0.01 प्रतिशत गिरकर 25,815.55 अंक पर बंद हुआ।



### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स कंपनियों में सन फार्मा, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और भारती एयरटेल सबसे ज्यादा पिछड़ने वाली कंपनियां रहीं। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, अदानी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक लाभ कमाने वालों में शामिल थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि लगातार तीन गिरावटों के बाद, शुरूआती बढ़त मूल्य खरीद और केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप से रुपये में आई मजबूती के कारण हुई।

हालांकि, अमेरिका-भारत व्यापार समझौते की संभावना को लेकर बनी अनिश्चितता ने बाजार के सेंटिमेंट को कमजोर कर दिया, जिससे दिन के अंत में मुनाफावसूली देखने को मिली। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.42 प्रतिशत बढ़कर 59.93 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक सकारात्मक दायरे में समाप्त हुए। यूरोपीय शेयर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 59.93 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

## जीएसटी नोटिस से लेकर ऊर्जा परियोजना निवेश तक—कॉरपोरेट और फाइनेंस सेक्टर में बड़े फैसले

**नई दिल्ली।** टैक्स अधिकारियों ने आईसीआईसीआई बैंक को 238 करोड़ रुपये का टैक्स डिमांड नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई जीएसटी की कथित कम भुगतान के मामले में की गई है। बैंक ने गुरुवार को खुद इसकी जानकारी दी।



आईसीआईसीआई बैंक ने गुरुवार को एक रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया, 17 दिसंबर को, बैंक को महाराष्ट्र वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 73 के तहत संबंधित प्राधिकरण से एक आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें 237,90,04,448 रुपये की जीएसटी मांग उठाई गई है, इसमें 216,27,31,316 रुपये कर और 21,62,73,132 रुपये जुमार्ना शामिल है। इसके साथ ही इस राशि पर ब्याज भी मांगी गई है। बैंक ने बताया है कि वह पूर्व के आदेशों/एससीएन के अनुसार भी इसी तरह के मुद्दों से जुड़ी मुकदमेबाजी (रिट याचिका सहित) में है, लेकिन चूंकि यह राशि इस बार बड़ी है, इसलिए इस मामले की रिपोर्ट की जा रही है। बैंक ने कहा कि वह निर्धारित समय सीमा के भीतर रिट याचिका/अपील के माध्यम से आदेश को चुनौती देने सहित उचित कदम उठाएगा। एसबीआई एमडी को दूसरी बार मिला सेवा विस्तार सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा दिया है। यह लगातार दूसरी बार है।

### सबसे बड़ी एआई आधारित कंपनी बनेगी टीसीएस

देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने विश्व की सबसे बड़ी एआई आधारित प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी बनने की एक महत्वाकांक्षी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की। सीईओ के. कृतिवासन ने बताया, कंपनी का वार्षिक राजस्व लगभग 1.5 अरब डॉलर है। टीसीएस ने पहली बार अपने एआई राजस्व का खुलासा किया है।

## चुटकुले

गोलू अपने दोस्तों को शायरी सुना रहा था,
गोलू ने कहा- ना ढूंढना मुझे इस दुनिया की तन्हाई में
दोस्त बोले- वाह-वाह
गोलू- ठंड बहुत है और मैं घुसा पड़ा हूं अपनी रजाई में

---

टीचर : पप्पू, बताओ नींद क्यों आती है?
पप्पू : जब पढ़ाई खुल जाए!
टीचर : और जाग क्यों जाते हो?
पप्पू : जब मम्मी चप्पल लेकर आ जाएं!

---

पत्नी : सुनो जी, मैं गुस्सा नहीं होती समझे!
पति : हाँ-हाँ, तुम तो बहुत शांत हो।
पत्नी : सच में?
पति : शांत लेकिन तूफान के पहले वाली शांति!

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 19 12 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# टी-20 सीरीज अपने नाम करने उतरेगा भारत

## बुमराह की होगी वापसी, संजू सैमसन का खेलना तय





**अहमदाबाद।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को पांच मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा। भारतीय टीम इस सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे चल रही है। भारत के पास वनडे के बाद टी20 सीरीज जीतने का भी अच्छा अवसर है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा मुकाबला कोहरे के कारण रद्द हो गया था।

**कप्तान सूर्यकुमार की फॉर्म चिंता का विषय**

यह सुनिश्चित है कि भारत अब इस सीरीज को हार नहीं सकता है जो मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए राहत की बात होनी चाहिए क्योंकि टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। कुछ समय पहले तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सूर्यकुमार की फॉर्म भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने टी20 में इस साल 20 मैचों में 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए।

**गिल का खेलना संदिग्ध**

दूसरी तरफ, उपकप्तान शुभमन गिल पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे जिससे उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। भारतीय टीम किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझेगी क्योंकि उसके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन के रूप में एक अच्छा विकल्प मौजूद है। सैमसन निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए कभी भी सही विकल्प नहीं थे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि मध्यक्रम में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा भारतीय टीम संतुलित नजर आती है क्योंकि दोनों ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे अब तक खेले गए तीनों मैचों में अंतिम एकादश में शामिल रहे हैं।

**हर्षित को मिलेगा मौका?**

तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह अपनी लय में आ रहे हैं, जबकि हर्षित राणा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच निजी कारणों से तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाने वाले जसप्रीत बुमराह चौथे मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि बुमराह की वापसी के बाद हर्षित को प्लेइंग-11 में मौका मिलता है या नहीं। अहमदाबाद की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है जो इस सीरीज में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के लिए चुनौती पेश करेगी।

### इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 इस प्रकार है...

**भारत:** अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर , जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

**दक्षिण अफ्रीका:** रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवान फेरेरा, जॉर्ज लिंडे, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, लुंगी एनगिडी, ओटेनिल बार्टमैन।

**भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांचवां टी20 मुकाबला शुक्रवार को होगा। शुभमन गिल का इस मैच में खेलना तय नहीं है, ऐसे में टीम प्रबंधन संजू सैमसन को एकादश में शामिल कर सकता है।**

# ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दिखाया दम, बढ़त लेने के करीब

## स्टोक्स-आर्चर ने इंग्लैंड को संभाला



**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीसरा एशेज टेस्ट मैच एडिलेड में खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 371 रन पर ऑलआउट हुई। इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही, लेकिन बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने टीम की पारी को संभाले रखा है।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीसरे एशेज टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। इंग्लैंड ने स्टंप्स तक पहली पारी में आठ विकेट पर 213 रन बनाए हैं और वह फिलहाल ऑस्ट्रेलिया से 158 रन पीछे चल रहा है। दिन के खेल की समाप्ति तक बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर क्रीज पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 371 रन बनाए थे।

**स्टोक्स-आर्चर क्रीज पर मौजूद**

पैट कमिंस की अगुआई में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने अपना दम दिखाया था और इंग्लैंड को लगातार झटके दिए। हालांकि, कप्तान स्टोक्स दूसरे छोर पर टिके रहे।

उनका साथ जोफ्रा आर्चर ने निभाया। इन दोनों बल्लेबाजों ने नौवें विकेट के लिए अब तक 45 रनों की साझेदारी कर ली है। स्टोक्स 45 और आर्चर 30 रन बनाकर खेल रहे हैं। कैमरन ग्रीन को एक विकेट मिला है।

**इंग्लैंड को लगे शुरूआती झटके**

इससे पहले, कप्तान पैट कमिंस और नाथन लियोन ने शानदार गेंदबाजी की जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड को पहली पारी में शुरूआती झटके दिए। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में ऑलआउट करने के बाद उतरी इंग्लैंड को जैक क्रावले और बेन डकेट ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े, लेकिन कमिंस ने क्रावले को आउट कर इंग्लैंड को पहला झटका दिया। क्रावले नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके कुछ देर बाद लियोन ने ओली पोप को अपना शिकार बनाया दो तीन रन ही बना सके। लियोन ने फिर डकेट को बोल्ड कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। डकेट 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया के लिए जो रूट खतरा बन सकते थे, लेकिन कमिंस ने उन्हें आउट करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। रूट 19 रन बनाकर आउट हुए।

**स्टोक्स-ब्रूक के बीच हुई साझेदारी**

शुरूआती झटकों के बाद स्टोक्स और हैरी ब्रूक ने इंग्लैंड को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 56 रनों की साझेदारी हुई जिससे इंग्लैंड का स्कोर 120 रन के पार पहुंच गया। यह साझेदारी और बड़ी होती उससे पहले ही ग्रीन ने ब्रूक को आउट कर दिया। ब्रूक 63 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद स्टोक्स ने जैमी स्मिथ के साथ मिलकर पारी को संभाला और दोनों के बीच 32 रनों की साझेदारी हुई।

कमिंस ने फिर स्मिथ को आउट किया जो 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर बोलैंड ने पहले विल जैक्स को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को सातवीं सफलता दिलाई जो छह रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने फिर ब्राइडन कार्स को खाता खोले बिना आउट किया।

**ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी**

विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी के करियर के तीसरे शतक और उस्मान ख्वाजा की 82 रन की लाजवाब पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में अच्छा स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन आठ विकेट पर 326 रन से शुरूआत की। मिचेल स्टार्क ने शानदार अर्धशतक लगाया जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 350 रन के पार पहुंचा। जोफ्रा आर्चर ने स्टार्क को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को नौवां झटका दिया।

# भारत की टीम के लिए खेलने पर पाकिस्तान करेगा अपने ही खिलाड़ी पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान कबड्डी महासंघ के सचिव राना सरवर ने बताया कि 27 दिसंबर को आपात बैठक बुलाई गई है, जिसमें उबैदुल्लाह राजपूत और कुछ अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा।



उबैदुल्लाह राजपूत

पाकिस्तानी अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी उबैदुल्लाह राजपूत मुश्किल में फंस गए हैं। भारत की निजी टीम की ओर से खेलने के कारण उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। यह मामला 16 दिसंबर को बहरीन में आयोजित जीसीसी कप से जुड़ा है।

**भारतीय टीम से खेलने पर अपने ही खिलाड़ी पर कार्रवाई करेगा पाकिस्तान**

दरअसल, सोशल मीडिया पर उबैदुल्लाह के कुछ वीडियो और तस्वीरें वायरल हुईं थीं, जिनमें वह भारतीय जर्सी पहने और भारतीय झंडा लहराते हुए नजर आए थे। इसके बाद पाकिस्तान कबड्डी महासंघ (पीकेएफ) ने मामले को गंभीरता से लिया है। पाकिस्तान कबड्डी महासंघ के सचिव राना सरवर ने बताया कि इस मुद्दे पर 27 दिसंबर को आपात बैठक बुलाई गई है, जिसमें उबैदुल्लाह राजपूत और कुछ अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा। राना सरवर ने कहा, 'मैं पुष्टि करता हूं कि यह एक निजी टूर्नामेंट था, जिसमें आयोजकों ने टीमों के नाम भारत, पाकिस्तान, कनाडा, ईरान आदि रखे थे। लेकिन सभी टीमों में अपने-अपने देशों के खिलाड़ी थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि 16 पाकिस्तानी खिलाड़ी बिना महासंघ या पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड की अनुमति के निजी तौर पर बहरीन गए थे।

राना ने आगे कहा, 'इन खिलाड़ियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान टीम के नाम का गलत इस्तेमाल किया।' वहीं, उबैदुल्लाह राजपूत ने इस मामले में माफी मांगते हुए सफाई दी है।

# उथप्पा ने बुमराह के कार्यभार प्रबंध का समर्थन किया

## स्टेन ने भारत को बताया टी-20 सीरीज जीत का हकदार

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंध जरूरी है। बुमराह फिलहाल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा ले रहे हैं।

भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंध को लेकर हमेशा की चर्चा होती रहती है। अब इस मामले पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने भी राय रखी है और बुमराह के वर्कलोड मैनेजमेंट का समर्थन किया है। उथप्पा का मानना है कि बुमराह का एक्शन और तेज गति उनके शरीर पर अत्यधिक दबाव डालती है और उन्हें पूरी तरह से फिट रखने के लिए उनका कार्यभार का प्रबंधन करना बेहद जरूरी हो जाता है।

**वनडे सीरीज से दिया गया था आराम**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में बुमराह को आराम दिया गया था और उन्होंने पांच मैचों की टी20 सीरीज में वापसी की।



बुमराह के वर्कलोड को लेकर कई बार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की आलोचना की गई है, लेकिन उथप्पा ने इसका समर्थन किया है। उथप्पा ने कहा, बुमराहबेमिसाल मैच विजेता हैं और उनके कार्यभार का प्रबंध करना बेहद जरूरी है। तेज गेंदबाजी शायद इस खेल का सबसे मुश्किल कौशल है और बुमराह इसे बेहद तेज गति से और चुनौतीपूर्ण एक्शन के साथ करते हैं। आप उनको पूरी तरह से फिट बनाए रखना चाहते हैं लेकिन साथ ही आप यह भी चाहते हैं कि वह पर्याप्त क्रिकेट खेलें। हम सभी उनकी प्रतिभा से वाकिफ है और उम्मीद है कि वह विश्व कप से पहले होने वाले मैचों में निरंतरता बनाए रखने में सफल रहेंगे।

**स्टेन बोले- दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर रहा**

दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है, लेकिन टीम के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि उनकी टीम ने भारत दौरे पर उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। स्टेन ने कहा, टेस्ट सीरीज जीतना शानदार रहा और उन्होंने वनडे में भी कड़ी चुनौती पेश की। अगर वे वह मैच जीत जाते, तो वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर सकते थे। इस दिग्गज तेज गेंदबाज ने कहा कि अगर भारत टी20 सीरीज जीतता है तो वह इसका हकदार है। उन्होंने कहा, अब तक खेले गए तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत बेहतर टीम रही है। एक मैच में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को सस्ते में आउट कर दिया, दूसरे में रन लुटाए, लेकिन धर्मशाला में फिर से दबदबा कायम किया।


## 'सार्वजनिक सूचना'

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या-न्यायखण्ड-3/143, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद श्री सुदेश कुमार सेतिया पुत्र श्री बाल किशन सेतिया को आवंटित है। आवंटी द्वारा उक्त भवन की बावत श्री सुनील कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द को मु०आम नियुक्त किया गया है। मु०आम द्वारा मूल आवंटी के पक्ष में पट्टा विलेख दिनांक 19.11.2008 निष्पादित कराया गया है। तत्पश्चात मु०आम श्री सुनील कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द द्वारा श्रीमती गीता सिंह पत्नी श्री राजदेव सिंह को दिनांक 29.01.2009 विक्रय किया गया है। तदनुसार श्रीमती गीता सिंह पत्नी श्री राजदेव सिंह द्वारा श्री अवनेश कुमार त्यागी पुत्र श्री श्रीओम त्यागी को दिनांक 06.02.2012 विक्रय किया गया है। तदोपरान्त श्री अवनेश कुमार त्यागी पुत्र श्री श्रीओम त्यागी द्वारा श्रीमती रश्मि शर्मा पत्नी श्री अतुल कुमार शर्मा को दिनांक 03.11.2025 विक्रय किया गया है। अब वर्तमान केता श्रीमती रश्मि शर्मा द्वारा नियमानुसार शपथ पत्र, रजिस्ट्री की प्रति एवं पहचान पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करतें हुए नामदर्ज हेतु अनुरोध किया गया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करा दें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण के अभिलेखों में मूल आवंटी के स्थान पर वर्तमान क्रेता का नाम दर्ज कर लिया जायेगा।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति**


# विजय हजारे ट्रॉफी के लिए कर्नाटक की टीम घोषित

## केएल राहुल-पडिक्कल और प्रसिद्ध शामिल

**बंगलूरू।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में खिलाड़ियों को विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने के निर्देश दिए थे। अब केएल राहुल, प्रसिद्ध कृष्णा और देवदत्त पडिक्कल को कर्नाटक टीम में शामिल किया गया है।

कर्नाटक ने विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूनामेंट के लिए टीम घोषित कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की नीति के तहत केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल और प्रसिद्ध कृष्णा को इस टूनामेंट के लिए कर्नाटक टीम में जगह मिली है। बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेटरों को विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने का निर्देश दिया है।

**मयंक अग्रवाल के नेतृत्व में उतरेगी टीम**

कर्नाटक को ग्रुप ए में झारखंड, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, त्रिपुरा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के साथ रखा गया है। टीम अपने लीग मैच अहमदाबाद में खेलेगी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉकआउट में टीम के नहीं पहुंचने



के बावजूद मयंक अग्रवाल को कप्तान बनाए रखा गया है। करुण नायर उपकप्तान हैं।

**विजय हजारे ट्रॉफी के लिए कर्नाटक की टीम**

मयंक अग्रवाल (कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, करुण नायर, आर स्मरण, केएल श्रीजीत, अभिनव मनोहर, श्रेयस गोपाल, वैशाख विजयकुमार, एल मनवंत कुमार, श्रीशा एस अचार, अभिलाष शेट्टी, बीआर शरत, हर्षित धरमानी, ध्रुव प्रभाकर, केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा।

# चौथा टी-20 रद्द होने पर शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा, तिरुवनंतपुरम में मैच कराने की मांग की

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा टी20 कोहरे के चलते रद्द करना पड़ा था। अब कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस पर प्रतिक्रिया दी है और बीसीसीआई ने तिरुवनंतपुरम को अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी सौंपने की मांग की है।





भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा टी20 मुकाबला कोहरा के चलते रद्द हो गया। अब इसे लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को घेरा है। थरूर ने लखनऊ में वायु गुणवत्ता की आलोचना की है और ऐसी परिस्थिति में अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की मेजबानी सौंपने के फैसले पर सवाल उठाए हैं।

**मैच में नहीं हो सका टॉस**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाने वाला चौथा टी20 मैच बुधवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में बिना टॉस के ही रद्द कर दिया गया। घने कोहरे के चलते दृश्यता बेहद खराब रही, जिससे खेल कराना संभव नहीं हो सका। मैच के रद्द होने के बाद एक बार फिर बीसीसीआई की टूर और फिक्सचर कमेटी सवालों के घेरे में आ गई है। खास तौर पर सर्दियों के मौसम में उत्तर और पूर्वी भारत में डे-नाइट मुकाबले कराने के फैसले पर आलोचना तेज हो गई है। लखनऊ में इस समय साल के दौरान दिन-रात्रि मैच तय करना पहले से अनुमानित कोहरे की समस्या के कारण विवादों में आ गया है।

**कई बार हुआ निरीक्षण, हालात नहीं सुधरे**

स्टेडियम में कोहरा इतना घना था कि हवा में गेंद को ट्रैक करना फील्डरों के लिए खतरनाक माना गया। इसी वजह से टॉस को लगातार टालना पड़ा। अंपायर्स ने कुल छह बार मैदान का निरीक्षण किया लेकिन अंत में उन्होंने मैच रद्द करने का फैसला लिया। मैच का टॉस 6:30 बजे होना था, लेकिन कोहरे की वजह से इसमें देरी हुई। पहला निरीक्षण शाम 6:50 बजे तय किया गया था, लेकिन हालात नहीं सुधरे। इसके बाद 7:30, 8:00, 8:30, 9:00 और 9:25 बजे तक लगातार निरीक्षण किए गए।


## Lost and Found

Lost & FoundI, Viresh Kumar Sharma s/o Vedpal sharma, R/o H. No. RDC-54, Raj Nagar, Ghaziabad, inform that my Builder Buyer Agreement / Allotment Letter of Property plot no E-04, Shouryapuram (SMV Agency to New Generation Equity Pvt. Ltd.) has been lost on 15/12/2025 near RDC, Ghaziabad.Volume No. 12875 from Page No. 1 to 38 or Serial No. 2724 Sub-Registrar: Ghaziabad.L.A.R No.-20250000932940I request that anyone who finds the aforementioned document kindly contact me at the earliest. (ph-9810317341)


# शुभमन गिल के टी-20 सीरीज से बाहर होने पर फैंस ने दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** शुभमन गिल चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के लिए अनुपलब्ध थे, लेकिन फैंस ने इसे अलग ही मोड़ दिया है। सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने गिल के बाहर होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 मैच से बाहर रहने पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। गिल इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, गिल पैर की अंगुली में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के शेष दो मैचों से बाहर हो गए हैं। समझा जाता है कि गिल को ये चोट ट्रेनिंग सत्र के दौरान लगी थी। हालांकि, गिल के बाहर होने पर फैंस सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और इन्होंने सवाल उठाए हैं कि क्या वाकई गिल चोटिल हुए हैं या उन्हें ड्रॉप किया गया है?

**टी20 सीरीज से की थी मैदान पर वापसी**

गिल को इससे पहले टेस्ट सीरीज के दौरान गर्दन में चोट लगी थी और उन्होंने टी20 सीरीज से मैदान पर वापसी की थी। गिल को कोलकाता टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगी थी जिसके बाद उन्होंने कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गिल इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी नहीं खेले थे। टी20 सीरीज के लिए गिल को टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर था। पहले टी20 से ठीक पहले गिल फिट करार दिए गए थे। अब एक बार फिर उनकी चोट की खबर ने सभी को चिंता में डाल दिया है।

गिल के बाहर होने पर कुछ प्रशंसकों ने मजे लिए। कई फैंस का कहना है कि गिल को ड्रॉप किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से गिल की फिटनेस को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। आइए देखतें हैं कि गिल के चोटिल होने पर फैंस ने सोशल मीडिया पर किस तरह प्रतिक्रिया दी...

**खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं गिल**

उपकप्तान शुभमन गिल खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज में भी उनका प्रदर्शनॉ काफी खराब रहा है। उनके पारी का आगाज करने से भारत का शीर्ष क्रम अस्थिर हो गया है। गिल ने अन्य प्रारूपों में अपना स्तर दिखाया है लेकिन टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्हें अब भी उस आश्वस्त बल्लेबाज की झलक नहीं दिखाई है जो वह टेस्ट और वनडे में है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज के तीन मैचों में गिल ने 32 रन बनाए हैं। गिल ने पहले मैच में चार, दूसरे में शून्य और तीसरे मैच में 28 रन बनाए थे। इस सीरीज में उनका औसत 10.66 का है, जबकि स्ट्राइक रेट 103.22 का है।

## कोहरे में धुला चौथा टी-20

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाने वाला चौथा टी20 मैच बुधवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में बिना टॉस के ही रद्द कर दिया गया। घने कोहरे के चलते दृश्यता बेहद खराब रही, जिससे खेल कराना संभव नहीं हो सका। भारत फिलहाल इस सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है। आखिरी मुकाबला 19 दिसंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा।




## -:सार्वजनिक सूचना:-


### गजियाबाद नगर निगम, मोहन नगर जोन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन सं0-3/46 मोहल्ला सै0-5, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद पिन सं0-MN4387 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्पत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम श्रीमती प्रेम नव्यर, रघु नय्यर एवं विनित नय्यर के स्थान पर श्री रघु नय्यर एवं विनित नय्यर पुत्र स्व० चरन प्रसाद नय्यर के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी का मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, पारिवारिक सदस्यों की सूची/वारीसान प्रमाण-पत्र/वसीयतनामा एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है।

आवेदक/आवेदिका के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सं0-3/46 मोहल्ला सै0-5, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा-213(1-बी) का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 15.10.2025 को जारी किया जा चुका है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/आवेदिका श्री रघु नय्यर एवं विनित नय्यर पुत्र स्व० चरन प्रसाद नय्यर का नाम भवन सं0-3/46 मोहल्ला सै0-5, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**कर अधीक्षक मोहन नगर जोन**




# 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर होगा पूरा: मंत्री जीतन राम मांझी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आर.डी. इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद में आयोजित वृहद रोजगार मेले का उद्घाटन भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी साकार होगा, जब युवा आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए सरकार अरढक्रम्र योजना लागू कर रही है, जिसका उद्देश्य कौशल विकास, इन्क्यूबेशन और सूक्ष्म उद्यमों के माध्यम से रोजगार सृजन को मजबूत करना है। उन्होंने शिक्षा और रोजगार को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए शिक्षा को अनिवार्य बताया।

सहायक निदेशक, सेवायोजन विभाग शशि भूषण उपाध्याय ने कहा कि सरकार की रोजगारपरक योजनाओं से बेरोजगारी दर में कमी आई है। युवाओं को शिक्षित और प्रशिक्षित कर ही रोजगार से जोड़ा जा सकता है। इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन किया गया है। जिला सेवायोजन अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने स्वागत संबोधन में कहा कि ऐसे रोजगार मेले नियोजकों और जॉब सीकर के बीच प्रभावी सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने रोजगार संगम पोर्टल की जानकारी देते हुए बताया कि यह नियोजकों, अभ्यर्थियों और संस्थानों को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 76 कंपनियों – जिनमें पेटीएम, पैंटालून, सिद्धिविनायक प्रा.लि., जैन क्लिन टेक, बजाज फाइनेंस, एचडीबी फाइनेंस, वी-मार्ट, मैकडोनाल्ड्स, सूबरोस, एलआईसी, आईटीसी, टाटा स्टाइव, क्वैस कॉर्प लिमिटेड सहित अन्य शामिल रहीं – द्वारा टेक्निकल व नॉन-टेक्निकल पदों के लिए 1550 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तथा कंपनियों के प्रतिनिधियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# महिला सुरक्षा एवं अपराध रोकथाम को लेकर मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों के साथ गोष्ठी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरूवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध केशव कुमार चौधरी द्वारा थाना ट्रोनिका सिटी, अंकुर विहार, भोजपुर, मुरादनगर, लोनी, लोनी बॉर्डर एवं मसूरी के मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों के साथ महिला सुरक्षा एवं महिला संबंधी अपराधों को लेकर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें अपराधों की रोकथाम, जागरूकता अभियानों के संचालन तथा मिशन शक्ति केंद्रों की दैनिक कार्यप्रणाली पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने केंद्रों के रजिस्टर, अभिलेख एवं दस्तावेजों की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देशित किया कि महिला सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए मिशन शक्ति केंद्रों पर नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा महिला संबंधी अपराधों की त्वरित रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए। गोष्ठी में सहायक पुलिस आयुक्त महिला अपराध सलोनी अग्रवाल की भी उपस्थिति रही।




## सीएम से पहले खुले में दिया दिलासा और फिर चुपचाप कर दिया खुलासा

समाजसेवियों को लग रहा था कि पुलिस उनके दबाव में आ गई है। अब उन्हें क्या पता था कि पुलिस के पास कितने दांव हैं। मंदिर वालों ने कहा कि हम दो तारीख को ताला डाल देंगे। इधर महाराज को आना था लिहाजा पुलिस की टीम ने एक थीम बनाई और मंदिर वालों को बता दिया कि एक पकड़ लिया है और किसी को बताना मत। मंदिर वाले बड़े खुश हुए कि अब पुलिस उन्हें बुलायेगी और चोरों को दिखायेगी। जो दिलासा खुले में दिया गया था उस केस का खुलासा पुलिस ने अकेले में कर दिया। मंदिर वालों ने जब कहा कि ऐसे कैसे तो दरोगा जी ने प्रेस नोट भेज दिया और बता दिया कि ऐसे ऐसे। लगभग 3000 रूपये बरामद हो गये और चोर को जेल भेज दिया है और बाकी की तलाश जारी है। मंदिर वालों को पता ही होगा कि केस के खुलासे में धनराशि बरामद करने की कोई शर्त नहीं होती और मुल्जिम सारे पकड़े जायें, इसकी भी गारंटी नहीं होती। रही बात ताले की तो जब खुलासे हो ही गये तो फिर चाहो तो हनुमान चालिसा पढ़ लो।

## ध्वज प्रणाम वालों के मौहल्ले में पैसे मिलाकर विकास का काम

जो लोग ध्वज प्रणाम वालों को फूल वालों का मॉनीटर समझ रहे हों तो वो थोड़ा अपडेट हो लें। फूल वाले उनके रूल मानते होंगे लेकिन सरकारी दफ्तर के बाबू उनके किसी भी भाई साहब के काबू से बाहर की बात हैं। किस्सा लोहिया जी के मौहल्ले से है और किस्से में साड़ी वाले ध्वज प्रणाम भाई साहब हैं। वैसे किस्से में जनरली कोई मुन्ना भी शामिल हैं। मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि अजी ये वाला पार्क तो हम सब अपने पैसे मिलाकर सजवा रहे हैं। तभी पता चला कि ध्वज प्रणाम वाले भाई साहब ने भी पैसे मिलाये हैं। पार्क तो चलो पैसे मिलाकर मेंटेन हो जायेगा लेकिन इज्जत कैसे मेंटेन करें। लिहाजा ये बात फैलाई गई कि पार्क का एक एक पौधा विधायक जी की निधि से लगेगा। लेकिन एक झूठ बोलने के लिए 100 झूठ बोलने पड़ते हैं। बोलने वाले जिन विधायक की निधि लगने का दावा किया उन विधायक की तो ये विधानसभा ही नहीं आती। यहां पर मौहल्ले वाले ने ही कह दिया कि ये लोग साफ साफ सच क्यों नहीं बता रहे हैं। हमें तो इनकी ये ही बात समझ नहीं आती। आखिर सबने पार्क के लिए सभी ने पैसे मिलाये हैं।

## विकास वाले मांगेंगे सीवर वालों से दिये गये करोड़ो का हिसाब

हैंडओवर के बाद विकास की आंधी का तो पता नहीं लेकिन सुना है कि सरकार के खजाने से 185 करोड़ के गांधी सीवर वालों के यहां पहुंच गये। पहले विकास वालों के पास ही ये पूरा इलाका था। फिर इसके विकास का जिम्मा सीवर नाली इंटरलॉकिंग वालों ने ले लिया। पता चला कि रीवर के उस पार सीवर वालों ने काफी पैसा खर्च कर दिया। खर्च कर दिया वो तो बात सही है लेकिन सरकार के पास एक खाता और बही भी है। कहां खर्च कर दिया, कितना खर्च कर दिया और कैसे खर्च कर दिया, अब हिसाब किताब की एक कॉपी खुलने वाली है। विकास महकमा के सूत्र बता रहे हैं कि आखिर सीवर वालों से ये तो पूछा ही जायेगा कि हुजूर-ए-आला 185 करोड़ रूपये का आखिर क्या कर डाला। चैक हो होगा ही कि कहीं हो तो नहीं गया कोई गड़बड़ घोटाला।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के पिता के निधन पर व्यक्त किया शोक



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के आवास पर गुरुवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पहुंचकर उनके पिता के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। मंत्री जी ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में हम उनके साथ खड़ी है।

# सुंदर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टि्टयूशंस के विद्यार्थियों को हमिंगबर्ड टैक्नोलोजी में मिला प्लेसमेंट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुन्दर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टिटूशनस, गाजियाबाद में 18.12.2025 को हमिंगबर्ड टैक्नोलोजी द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में बी.टेक. कंप्यूटर सांइस, एव बी.सी.ए. के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ड्राइव का आरम्भ कम्पनी प्रोफाइल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे में कम्पनी के अधिकारियों द्वारा बताकर किया गया। इस ड्राइव में प्री प्लेसमेट टॉक और असेसमेंट टेस्ट एवं पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से कम्पनी द्वारा विद्यार्थियों का चयन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि सुन्दर दीप अपने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए निरन्तर प्रयासरत है जिसके फल-स्वरूप यहाँ के छात्र एवं छात्रायें देश-विदेश मे भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।

इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी. आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो० चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०), रजिस्ट्रार डॉ० राजीव रतन, बृजेन्द्र सिंह, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रो. (डॉ०) मोनिका सेंगर, निदेशक इंजीनियरिंग तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# महापौर सुनीता दयाल ने किया मकनपुर में सीसी सड़क, आरसीसी नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 57 के मकनपुर गांव में बारातघर से बाईपास तक दोनों ओर आरसीसी नाली और सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। महापौर सुनीता दयाल, पार्षद प्रतिनिधि अंकुर त्यागी ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया।

निगम पार्षद राधेश्याम त्यागी के अथक प्रयास, ग्रामीणों के सहयोग और वार्ड 57 के आशीर्वाद से यह विकास कार्य संभव हुआ। महापौर सुनीता दयाल ने नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और सुंदर सड़कों की उपलब्धता का वचन दोहराया। ग्रामीणों ने पेयजल समस्या, सीवर व्यवस्था और तालाब के सौंदर्यकरण के संबंध में अनुरोध किया, जिस पर पार्षद त्यागी ने निगम स्तर पर निरंतर कार्यवाही की जानकारी दी।

पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि इन सभी मुद्दों पर निगम स्तर पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। बालाजी मंदिर से काला पत्थर रोड होते हुए एनएच-9 तक, अर्बन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी द्वारा मुख्यमंत्री ग्रीन रोड परियोजना के तहत सड़क निर्माण का भी उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष अंकुर त्यागी, अजय गुप्ता, गायत्री पांडे, राजकुमार त्यागी, राकेश त्यागी, जयवीर त्यागी, सतेंद्र त्यागी, राजू त्यागी, मन्नू त्यागी, सागर त्यागी, महेन्द्र जाटव, हरीश चन्द त्यागी, अमित शर्मा, सीताराम त्यागी, सुरेश सैन, मदन शर्मा, कृष्ण त्यागी, पुष्प कुमार जाटव, हुकुम चन्द, सोमदत्त त्यागी, सलेक त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण में नई प्रणाली के लागू होने से ठेकेदारों के रोजगार पर संकट, व्यवस्था को रोकने की मांग



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा किए जाने वाले निर्माण और विकास कार्यों के लिए नई प्रणाली लागू की जा रही है, जिसके तहत विभिन्न एस्टीमेट्स को इकट्ठा कर बड़े पैकेज बनाए जा रहे हैं। इस व्यवस्था के लागू होने से छोटे और मझोले स्तर के ठेकेदारों के रोजगार पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है और केवल कुछ बड़े ठेकेदारों का ही वर्चस्व कायम हो सकता है।

इस नीतिगत बदलाव के कारण, मझोले और छोटे स्तर की निविदाओं पर निर्भर ठेकेदारों के परिवारों पर भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा, जिससे बेरोजगारी की समस्या और भी गहरा सकती है।

इस व्यवस्था को रोकने के लिए, गुरूवार को बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बैनर तले गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण में कार्यरत ठेकेदारों का एक प्रतिनिधिमंडल उपाध्यक्ष, गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने वीसी जीडीए से अनुरोध किया कि पुराने तरीके से सभी श्रेणियों के कार्यों के एस्टीमेट तैयार किए जाएं ताकि ठेकेदारों को बेरोजगारी और आर्थिक संकट से बचाया जा सके। उपाध्यक्ष महोदय ने इस विषय पर समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# डॉ. अनिल अग्रवाल ने की केंद्रीय मंत्री से औपचारिक भेंट, कार्यक्रम में किया आमंत्रित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद से पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने दिल्ली में भारत के खेल एवं युवा केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से औपचारिक भेंट कर उन्हें आगामी एक से तीन जनवरी को होने वाले शूटिंग बॉल के वर्ल्ड कप में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया एवं शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया को खेलो इंडिया व नेशनल गेम्स में शामिल करने के लिए निवेदन किया।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने डॉ. अनिल अग्रवाल के निमंत्रण को स्वीकार किया और कहा कि वह उपरोक्त विषय में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जल्द ही निश्चित रूप से कार्य करेंगे।

# महिला सम्मान संविधान से मिला अधिकार : पूजा चड्ढा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष पूजा चड्ढा ने कहा कि एक महिला होने के नाते, यह स्पष्ट रूप से कहती हूं कि महिलाओं के सम्मान से कोई भी समझौता कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला के साथ सार्वजनिक मंच पर किया गया व्यवहार न केवल निंदनीय है, बल्कि यह सत्ता के अहंकार और महिला विरोधी सोच का खुलासा करता है। इससे भी अधिक शर्मनाक भाजपा के मंत्री निषाद का वह बयान है, जिसमें उन्होंने कहा कि केवल कपड़ा ही तो उतरा है, हाथ तो नहीं लगाया गया। यह बयान महिलाओं की गरिमा को छोटा करने वाला, अपराध को सामान्य मानने वाला और घटिया मानसिकता को उजागर करने वाला है। ऐसे लोग सत्ता में बैठने के योग्य नहीं हैं। जिस पार्टी का नारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ है, उसी पार्टी के नेता जब महिलाओं के अपमान पर हंसते हैं और उसे सही ठहराते हैं, तो यह नारा एक भयावह मजाक बनकर रह जाता है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की ओर से, मैं यह मांग करती हूं कि नीतीश कुमार जी इस घटना पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। भाजपा मंत्री निषाद के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। महिलाओं का सम्मान कोई एहसान नहीं, बल्कि संविधान से मिला अधिकार है। इस अधिकार पर हमला करने वालों के खिलाफ महिला कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

# 20-21 दिसम्बर को बरेली में होगा 10वीं एथलेटिक्स एवं पावर लिफ्टिंग स्टेट चैंपियनशिप 2025 का आयोजन

## - गाजियाबाद के खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश का पहला नाइट हेरिटेज रन 2026 का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस दौरान मीडिया बन्धुओं से उक्त कार्यक्रम व बरेली के बीएल एग्रो ग्राउंड बरेली मे होने जा रही 10वीं एथलेटिक्स एवं पावर लिफ्टिंग स्टेट चैंपियनशिप 2025 के बारे में प्रेस वार्ता की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी की बरेली के बीएल एग्रो ग्राउंड बरेली में होने जा रही 10वीं एथलेटिक्स एवं पावर लिफ्टिंग स्टेट चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 20–21 दिसम्बर–2025 किया जा रहा है, जिसमें सभी जनपदों की टीमें प्रतिभाग करेगी और गाजियाबाद से 10 खिलाड़ी अपना जौहर इस प्रतियोगिता में दिखाएँगे। प्रतियोगिता पैराओलम्पिक कमेटी ऑफ इंडिया के रोल्स एंड रेगुलेशंस में आयोजित की जाएगी जिसमें डिसेबिलिटी की सभी कैटेगरी बालक एवं बालिका वर्ग में की जाए। गाजियाबाद से चयनित खिलाड़ी इस प्रकार हैं: विकास कुमार शॉटपुट सीनियर संदीप पांचाल जैवलिन सीनियर इजाजुद्दीन वेलचेयर शॉटपुट, फरमान 100मी, 200मी,समीर 100, 200, मोहम्मद आरिफ पावरलिफ्टिंग, शोभित कौशिक डिस्कस, मयंक 100मी, महक 100मी, गाजियाबाद जनपद से प्रतिभाग करेंगे। यह आयोजन जिला प्रशासन, गाज़ियाबाद के सहयोग एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है और यह उत्तर प्रदेश का पहला सायंकालीन हेरिटेज रन होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, गाज़ियाबाद, अभिनव गोपाल, आईएएस ने कहा कि यह आयोजन गाज़ियाबाद की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को जन-जन तक पहुँचाने का एक अनूठा प्रयास है। उन्होंने बताया कि यह मैराथन 07 मार्च 2026 को सायंकाल आयोजित की जाएगी, जिसमें 10,000 से 15,000 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है।

प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, गाजियाबाद पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के चेयरमैन सत्य यादव, सह सचिव ऋचा भल्ला व आयोजक हैरिटेज कार्यक्रम अमित मक्कड़, राजेन्द्र यादव ने खिलाड़ियों को ट्रैकशूट और किट देकर स्टेट चैंपियनशिप के लिए रवाना किया और शुभकामनाएं दी कि आगे होने वाली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भी गाजियाबाद के खिलाड़ी प्रतिभाग करें।

### दौड़ की प्रमुख श्रेणियाँ

हाफ मैराथन (21.1 किमी), 10 किमी रन, 5 किमी रन, 3 किमी फन रन। 5 किमी एवं 3 किमी की दौड़ विशेष रूप से गाज़ियाबाद के सर्वश्रेष्ठ हेरिटेज रूट पर आयोजित की जाएगी, जिससे प्रतिभागी शहर की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक गौरव को नजदीक से अनुभव कर सकेंगे।

**राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहभागिता**

इस आयोजन में देश–विदेश के पेशेवर एवं शौकिया धावकों को आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही, प्रख्यात भारतीय एथलीट्स की सहभागिता भी प्रस्तावित है। आयोजकों का प्रयास रहेगा कि हाफ मैराथन (21.1 किमी) एवं 10 किमी दौड़ में भारत के मौजूदा राष्ट्रीय रिकॉर्ड को चुनौती दी जाए, जिससे गाज़ियाबाद को राष्ट्रीय एवं वैश्विक एथलेटिक्स मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान मिल सके।

**महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सहभागिता**

इस आयोजन में महिला सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। लक्ष्य है कि 2,500 से 3,000 महिलाएँ एवं बच्चे इस मैराथन में सहभागिता करें, जिससे वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों और समाज में सकारात्मक संदेश जाए।

**व्हीलचैयर रन : दिव्यांगजनों के लिए विशेष पहल**

इस आयोजन की एक विशेष विशेषता व्हीलचैयर रन होगी, जिसके अंतर्गत दिव्यांग चैंपियंस को नि:शुल्क आमंत्रित किया जाएगा। यह पहल समाज में समावेशन, समानता एवं प्रेरणा का संदेश देगी।

**सर्विस रेस कैटैगिरी**

देश की सेवा में कार्यरत पुलिस, सेना, रक्षा बल, अर्धसैनिक बल, होमगार्ड्स एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं से जुड़े कर्मियों के लिए एक विशेष सर्विस रेस कैटेगरी रखी जाएगी, जिसमें अलग रेस श्रेणी, अलग पोडियम एवं सम्मान व्यवस्था की जाएगी।

**पंजीकरण की जानकारी**

इस आयोजन के लिए पंजीकरण आज रात से आधिकारिक रूप से प्रारंभ किए जा रहे हैं, जो कि टाउनस्क्रिप्ट की वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध होंगे। इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाइन पंजीकरण कर अपनी पसंद की दौड़ श्रेणी में भाग ले सकते हैं।

**आयोजन एवं सहभागिता**

इस आयोजन में जिला प्रशासन, शिक्षा संस्थानों, उद्योगों, अस्पतालों, कॉरपोरेट्स एवं नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से इस कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। गाज़ियाबाद प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेकर स्वस्थ, सशक्त एवं गौरवशाली गाज़ियाबाद के निर्माण में अपना योगदान दें।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी नेता विक्रांत पंडित ने जब अपनी पोस्ट पर लिख डाला, दूरियां मायने नहीं रखती लाला। खास तो खास रहता है। समाजवादी नेता मनोज पंडित के साथ विक्रांत पंडित का यह अंदाज और शब्दों की यह अदा पोस्ट बनकर सामने आई। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।





# व्हाइट हाउस के पास कैसे टकराए विमान और हेलिकॉप्टर ट्रंप प्रशासन ने मानी एफएए की चूक; 67 लोगों की हुई थी मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने बुधवार को माना कि जनवरी में देश की राजधानी के पास एक यात्री विमान और ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर के बीच हुई टक्कर में संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) और सेना की भी लापरवाही थी। इस हादसे में 67 लोगों की मौत हो गई थी।

एक पीड़ित परिवार की ओर से दायर मुकदमे पर सरकार की आधिकारिक दस्तावेज में कहा गया कि इस दुर्घटना के लिए सरकार आंशिक रूप से जिम्मेदार है, क्योंकि उस रात एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) ने नियमों का पालन नहीं किया था। हालांकि, इस कानूनी दस्तावेज में यह भी संकेत दिया गया कि अन्य लोग भी हादसे के लिए जिम्मेदार थे, जिनमें विमान और हेलीकॉप्टर के पायलट शामिल हैं। मुकदमे में अमेरिकन एयरलाइंस और उसकी क्षेत्रीय साझेदार पीएसए एयरलाइंस को भी दोषी ठहराया गया है। लेकिन इन दोनों एयरलाइंस ने मुकदमा खारिज करने के लिए याचिका दायर की है।

अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर कथित तौर पर उस समय अमेरिकन एयरलाइंस के छोटी उड़ानों के लिए इस्तेमाल होने वाले विमान के मार्ग में आ गया, जब वह उत्तरी वर्जीनिया में स्थित रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतर रहा था।




यह हवाई अड्डा राजधानी के पास पोटोमैक नदी के दूसरी ओर स्थित है। हादसे के बाद पोटोमैक नदी के बफीले पानी से 28 शव निकाले गए। विमान में 60 यात्री और चालक दल (क्रू) के चार सदस्य सवार थे, जबकि हेलीकॉप्टर में तीन सैनिक मौजूद थे।

पीड़ित केसी क्राफ्टन के परिवार के वकीलों में से एक रॉबर्ट क्लिफर्ड ने कहा, परिवार और उनके वकील नए कानूनी दस्तावेजों का ध्यान से अध्ययन करेंगे। क्लिफर्ड ने कहा कि सरकार ने अच्छी तरह से यह माना है कि वह इस हादसे के लिए अकेली जिम्मेदार नहीं है और यह दुर्घटना कई कारणों से हुई। क्लिफर्ड ने कहा कि उनकी टीम इस दुर्घटना की जांच पर नजर जारी रखेगी, ताकि सभी दोषी पक्षों को जिम्मेदार ठहराया जा सके। उन्होंने बताया कि वह 26 जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की सुनवाई से आने वाले अतिरिक्त परिणामों का इंतजार कर रहे हैं।

# भारत व यूएई का युद्धाभ्यास डेजर्ट साइक्लोन-2 शुरू

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच रक्षा सहयोग को नई मजबूती देने वाला साझा सैन्य अभ्यास डेजर्ट साइक्लोन-2 आज से शुरू हो गया है। यह युद्धाभ्यास 18 से 30 दिसंबर तक यूएई की राजधानी आबू धाबी में आयोजित किया जा रहा है। इस अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारतीय सेना का एक दल यूएई के लिए रवाना हो चुका है। अभ्यास का मकसद दोनों देशों की सेनाओं के बीच सामरिक तालमेल और आपसी समझ को और मजबूत करना है। डेजर्ट साइक्लोन-2 एक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास है, जिसमें भारत की ओर से मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट की एक बटालियन के 45 जवान हिस्सा ले रहे हैं। वहीं यूएई की ओर से 53 मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री बटालियन के समान संख्या में सैनिक इस अभ्यास में भाग ले रहे हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह अभ्यास दोनों सेनाओं की संयुक्त युद्ध क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

इस अभ्यास में शहरी युद्ध की



परिस्थितियों में सैन्य कौशल को निखारने पर विशेष जोर दिया जाएगा। सैनिकों को घनी आबादी वाले इलाकों में ऑपरेशन, उप-पारंपरिक युद्ध, शांति स्थापना और आतंक-रोधी अभियानों का अभ्यास कराया जाएगा। इससे दोनों देशों की सेनाएं आधुनिक युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकेंगी। डेजर्ट साइक्लोन-2 के दौरान हेलिबोर्न ऑपरेशन, मिशन प्लानिंग, ड्रोन और ड्रोन-रोधी तकनीकों का भी अभ्यास किया जाएगा। आधुनिक युद्ध में तकनीक की भूमिका को देखते हुए इन अभ्यासों को खास अहमियत दी गई है। दोनों देशों के सैनिक एक-दूसरे के अनुभव और रणनीतियों को समझेंगे, जिससे भविष्य में संयुक्त अभियानों को अंजाम देना आसान होगा।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- ताइवान को 10 अरब यूएसडी के हथियार बेचेंगे; क्रिसमस से पहले सैनिकों को बोनस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ताइवान को 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के हथियारों का पैकेज देने की घोषणा की है। इस पैकेज में मध्यम दूरी के मिसाइल, हॉवित्जर (तोप) और ड्रोन शामिल हैं। इस कदम से चीन की नाराजगी देखने को मिल सकती है।

विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर रात इन हथियारों को वियतनाम को बेचने का एलान किया। यह घोषणा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्र के नाम संबोधन के दौरान की गई। अपने संबोधन में उन्होंने विदेश नीति के मुद्दों का संक्षिप्त जिक्र किया और चीन के साथ व्यापार या अन्य मुद्दों पर कुछ नहीं कहा।

हथियारों की बिक्री के लिए आठ समझौतों में 82 हाई-मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (एचआईएमएआरएस) और 420 आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस) शामिल हैं। यह वही प्रणाली है, जो बाइडन प्रशासन के दौरान यूक्रेन को रूस से बचाव के लिए दी गई थी और इनकी कीमत चार अरब डॉलर से अधिक है।

इस बिक्री में 60 सेल्फ-प्रोपेल्ड हॉवित्जर सिस्टम और अन्य उपकरण भी शामिल हैं, जिनकी कीमत भी चार अरब डॉलर से अधिक है और ड्रोन की कीमत एक अरब डॉलर से अधिक है। अन्य बिक्री में एक अरब डॉलर से अधिक का सैन्य सॉफ्टवेयर, 700 मिलियन डॉलर से अधिक के जैवेलिन और टॉ मिसाइल, 96 मिलियन डॉलर के हेलिकॉप्टर स्पेयर पार्ट्स और 91 मिलियन डॉलर के हार्पून मिसाइल रिफर्बिशमेंट किट शामिल हैं।

## अमेरिका में हुआ 18 ट्रिलियन डॉलर का निवेश : ट्रंप

ट्रंप ने कहा, अमेरिका में पहले ही रिकॉर्ड 18 ट्रिलियन डॉलर का निवेश हुआ है, जिसका मतलब है रोजगार, वेतन में वृद्धि, विकास, कारखाने खुलना और राष्ट्रीय सुरक्षा में अभूतपूर्व वृद्धि। इस सफलता का अधिकांश हिस्सा टैरिफ के जरिए हासिल किया गया है। मेरा पसंदीदा शब्द, जिसका इस्तेमाल कई दशकों से अन्य देशों की ओर से सफलतापूर्वक हमारे खिलाफ किया जाता रहा है। लेकिन अब ऐसा



नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा, कंपनियां जानती हैं कि अगर वे अमेरिका में निर्माण करती हैं, तो कोई टैरिफ नहीं लगता। इसीलिए वे रिकॉर्ड संख्या में अमेरिका लौट रही है। वे अभूतपूर्व स्तर पर कारखाने और संयंत्र खोल रही हैं।

## 'अमेरिका को वापस दिलाई उसकी ताकत'

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैंने अमेरिका को उसकी ताकत वापस दिलाई है। दस महीनों में आठ युद्धों का निपटारा किया। ईरान के परमाणु खतरे को खत्म किया और गाजा में युद्ध समाप्त किया, जिससे मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया) में तीन हजार वर्षों में पहली बार शांति आई और जीवित व मृत दोनों बंधकों की रिहाई सुनिश्चित हुई।

राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि अमेरिकी सैनिकों को क्रिसमस के लिए 1,776 डॉलर का बोनस भेजा जाएगा और यह भुगतान टैरिफ से प्राप्त राजस्व से किया जा रहा है। उन्होंने देश की जनता को आश्वस्त किया कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। ट्रंप ने कहा कि 1.45 मिलियन सैनिकों को क्रिसमस से पहले बोनस मिलेगा और चेक पहले ही भेज दिए गए हैं। हालांकि, सैनिकों के लिए बोनस भुगतान ऐसे समय में हो रहा है जब लाखों अमेरिकी खाने-पीने की चीजों, घर के खर्च, बिजली-पानी जैसी सुविधाओंऔर छुट्टियों पर दिए जाने वाले उपहारों की बढ़ रही कीमतों को लेकर चिंतित हैं। महंगाई उच्च स्तर पर बनी हुई है और हाल के महीनों में श्रम बाजार में गिरावट आई है।

# भारत और सऊदी के बीच मजूबत होगी रणनीतिक साझेदारी, द्विपक्षीय वीजा छूट समझौते पर किए हस्ताक्षर




**नई दिल्ली।** भारत के राजदूत सुहेल एजाज खान और सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय के उप मंत्री (प्रोटोकॉल) अब्दुलमजीद बिन राशिद अलस्मारी ने द्विपक्षीय वीजा छूट समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद के तहत इस कदम का मकसद आवाजाही को आसान बनाना है।

भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रणनीतिक साझेदारी को मजबूत किया गया। राजदूत डॉ. सुहेल अजाज खान और सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय में प्रोटोकॉल मामलों के उप मंत्री महामहिम अब्दुलमजीद बिन राशिद अलस्मारी ने आज रियाद में राजनयिक, विशेष और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए द्विपक्षीय वीजा छूट समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता आधिकारिक यात्राओं को सुगम बनाएगा और भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद के तहत द्विपक्षीय आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा। इससे पहले पांच दिसंबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा की थी कि भारतीय संसद जल्द ही भारत-सऊदी अरब संसदीय मैत्री समूह का गठन करेगी।

# अमेरिकी सेना का ड्रग तस्करों पर बड़ा हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इस बीच अमेरिकी सेना ने बुधवार को पूर्वी प्रशांत महासागर से गुजर रहे एक जहाज पर हमला किया। इस हमले में चार कथित 'नारको-आतंकवादी' मारे गए। यह ऑपरेशन सदर्न स्पीयर का एक हिस्सा है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने इस क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए शुरू किया गया है।



## कैसे हुआ हमला?

इसकी जानकारी देते हुए अमेरिकी दक्षिणी कमान (जो लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में अमेरिका की सैन्य गतिविधियों की देखरेख करती है) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए पोस्ट में लिखा '17 दिसंबर को युद्ध सचिव पीट हेगसेथ के निर्देश पर, संयुक्त टास्क फोर्स सदर्न स्पीयर ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक नामित आतंकवादी संगठन द्वारा संचालित पोत पर घातक सैन्य हमला किया। खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई कि पोत पूर्वी प्रशांत महासागर में एक ज्ञात मादक पदार्थों की तस्करी मार्ग से गुजर रहा था और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल था। इस हमले में कुल चार पुरुष मादक पदार्थों के तस्कर मारे गए और अमेरिकी सेना का कोई भी जवान हताहत नहीं हुआ।'

## पहले भी हुई है कार्रवाई

इससे पहले मंगलवार को अमेरिकी दक्षिणी कमान ने बताया कि उसने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में नामित आतंकवादी संगठनों द्वारा संचालित तीन जहाजों पर घातक हमले किए, जिसमें आठ कथित नार्को-आतंकवादी मारे गए। इसके अलावा सीएनएन ने अमेरिकी दक्षिणी कमान के एक अलग बयान का हवाला देते हुए बताया कि इस महीने की शुरूआत में, 4 दिसंबर को अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में एक अन्य संदिग्ध मादक पदार्थों से भरे जहाज पर हमला किया, जिसमें जहाज पर सवार चार लोग मारे गए।

## इन हमलों में अब तक 95 लोग मारे गए

अमेरिकी सेना के मुताबिक, अभियान शुरू होने के बाद से अब तक संदिग्ध ड्रग नौकाओं को निशाना बनाकर किए गए हमलों में कम से कम 95 लोग मारे गए हैं। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को सूचित किया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका मादक पदार्थों के गिरोहों के साथ 'सशस्त्र संघर्ष' में है, जिसकी शुरूआत 2 सितंबर को पहले हमले से हुई थी।

यह सैन्य अभियान वेनेजुएला पर अमेरिका के व्यापक दबाव का हिस्सा है, जिसमें कैरिबियन सागर में हजारों सैनिकों और एक विमानवाहक पोत की तैनाती के साथ-साथ वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बार-बार चेतावनी देना शामिल है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सप्ताह अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल परिवहन में मदद करने के आरोपी जहाजी कंपनियों और जहाजों पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की। बता दें कि यह घटना वेनेजुएला के तट से एक प्रतिबंधित टैंकर को जब्त किए जाने के एक दिन बाद हुई।

# चीन में भी छाया कोहरा, अरबों डॉलर और वर्षों की मेहनत के बावजूद खतरनाक हुआ वायु प्रदूषण


**बीजिंग।** गुरुवार को चीन में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे चीन के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब स्तर पर पहुंच गया है। गौरतलब है कि चीन ने अरबों डॉलर खर्च कर और कई वर्षों की मेहनत के बाद वायु प्रदूषण की समस्या दूर की थी, लेकिन गुरुवार को चीन की इस पूरी मेहनत के बावजूद वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ा। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने बुधवार को देश के कुछ हिस्सों में भारी कोहरे के चलते येलो अलर्ट जारी किया, जिसमें कहा गया कि गुरुवार को हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, हेनान, अनहुई, जियांग्सू, हुबेई, सिचुआन बेसिन और चोंगकिंग के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की उम्मीद है।



चीन में वायु प्रदूषण और कोहरे की समस्या आजकल दुर्लभ है क्योंकि चीन की सरकार ने साल 2016 में वायु प्रदूषण दूर करने के लिए कई बड़े कदम उठाए थे। इसके तहत सरकार ने भारी प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को बंद करने और स्थानांतरित करने सहित कई कदम उठाए और इस काम पर अरबों डॉलर खर्च किए। अधिकारियों का कहना है कि शहर में सर्दियों में कोयले से चलने वाले हीटिंग सिस्टम की जगह प्राकृतिक गैस या इलेक्ट्रिक पब्लिक हीटिंग सिस्टम अपनाने से प्रदूषण के स्तर को कम करने में मदद मिली है।

नई दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण संकट के चलते चीन के इस समस्या से निपटने के प्रयास इन दिनों सुर्खियों में रहे हैं, लेकिन गुरुवार को चीन की इस छवि को धक्का लगा, जब वहां भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब रही। चीन के पर्यावरण विभाग के प्रमुख चेन तियान ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में चीन ने पर्यावरण की दिशा में अहम सुधार किए हैं। इसके चलते बीजिंग में पक्षियों की आबादी भी बढ़ गई है और कई दुर्लभ पक्षी चीन में देखे जा सकते हैं।

# हिमालय की गोद में चीन बना रहा 'वाटर बम', क्या भारत के लिए है खतरे की घंटी?



**नईदिल्ली।** चीन तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो नदी पर अब ताल के सबसे बड़े हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। इसे 'मदर ऑफ ऑल डैम्स' कहा जा रहा है। एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि इस कदम से भारत में नदी के निचले इलाकों में पानी की सुरक्षा, इकोलॉजी और लोगों की आजीविका को गंभीर खतरा आ सकता है। यारलुंग त्सांगपो नदी ही भारत में ब्रह्मपुत्र के नाम से जानी जाती है, ऊपरी इलाकों में किसी भी बड़े दखल से लाखों लोगों पर सीधा असर पड़ सकता है। जो इसके प्राकृतिक बहाव पर निर्भर हैं। प्रस्तावित $168 बिलियन का हाइड्रोपावर सिस्टम बांधों, जलाशयों, सुरंगों और भूमिगत पावर स्टेशनों के एक जटिल नेटवर्क के जरिए ऊंचाई में 2,000 मीटर की भारी गिरावट का इस्तेमाल करेगा।

भारत के लिए चिंता महज पर्यावरण से जुड़ी नहीं है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने चेतावनी दी थी कि इस प्रोजेक्ट का इस्तेमाल 'टिकिंग वॉटर बम' के तौर पर किया जा सकता है, जिसमें चीन ब्रह्मपुत्र में छोड़े जाने वाले पानी के समय और मात्रा को कंट्रोल कर सकता है। अचानक पानी छोड़ने से बाढ़ आ सकती है, जबकि पानी रोकने से जरूरी समय में नदी का बड़ा हिस्सा सूख सकता है।

# 'रूस अगले साल भी युद्ध जारी रखने की तैयारी कर रहा', यूक्रेनी राष्ट्रपति ने पश्चिमी देशों से लगाई मदद

**यूक्रेन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दावा किया है कि रूस अगले साल भी युद्ध जारी रखने की तैयारी कर रहे हैं। जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों और खासकर अमेरिका से मदद देने की अपील की। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में जेलेंस्की ने लिखा, 'आज हमें फिर से ऐसे संकेत मिले हैं कि मॉस्को अगले साल भी लड़ाई जारी रखने की तैयारी कर रहा है। ये संकेत सिर्फ हमारे लिए नहीं हैं बल्कि ये हमारे सहयोगी देशों के लिए भी संकेत हैं कि वे भी इसे देखें और न सिर्फ देखें बल्कि इस पर प्रतिक्रिया भी दें। खासकर अमेरिका, जो अक्सर कहता है कि रूस इस युद्ध को खत्म करना चाहता है।'

## जेलेंस्की का दावा- रूस यूक्रेन को तबाह करना चाहता है

जेलेंस्की ने आगे लिखा, 'अमेरिका दावा करता है कि रूस, युद्ध



रोकना चाहता है, लेकिन जो संकेत मिल रहे हैं, वे बिल्कुल उलट हैं। रूस की मानसिकता को समझकर उसके हिसाब से कार्रवाई की जानी चाहिए। रूस कूटनीति को अहमियत नहीं देता और वह बस यूक्रेन और यूक्रेन के लोगों को तबाह करना चाहता है। वह यूक्रेन की जमीन को चुराकर उसे कानूनी वैधता देना चाहता है। यूक्रेन के बाद रूस यूरोप का रुख करेगा, जहां वह यूरोप की जमीन को भी ऐतिहासिक रूप से रूस की जमीन बताएगा।'

जेलेंस्की ने इसके बाद लिखा कि यूक्रेन अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा। यूक्रेन को आर्थिक और सैन्य मदद की जरूरत है। साथ ही रूस की संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई और राजनीतिक इच्छाशक्ति की भी जरूरत है।

एस्टोनिया के विदेश मंत्री ने एक बयान में कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने में भारत अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के रूस के साथ मजबूत आर्थिक संबंध हैं। एस्टोनिया के विदेश मंत्री मार्गस साहकना ने कहा, 'भारत, रूस पर दबाव डाल सकता है और रूस को समझा सकता है कि उसकी यूक्रेन की आक्रामकता, यूरोप के भी खिलाफ है। भारत, रूस को समझा सकता है कि वह गलत राह पर है।'


# क्या भारत के खिलाफ फेल हो गए ट्रंप के टैरिफ? नवंबर में बढ़ा अमेरिका को निर्यात

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी आयात शुल्क के बाद से ही दोनों देशों के रिश्ते लगातार ढलान पर हैं। पहले अमेरिका को हो रहे व्यापार घाटे को लेकर लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ के बाद ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ जुमार्ने के तौर पर लगाया था। 27 अगस्त से प्रभावी हुए इस बढ़े हुए आयात शुल्क के चलते अगले दो महीने- सितंबर-अक्तूबर में भारत का अमेरिका को निर्यात घटा था। हालांकि, अब नवंबर में जो आंकड़े सामने आए हैं, उसके मुताबिक ट्रंप के टैरिफ को धता बताते हुए भारत का अमेरिका को निर्यात पिछले साल की तुलना में 22.6 फीसदी बढ़कर करीब सात अरब डॉलर तक पहुंच गया।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर ट्रंप के टैरिफ के बावजूद भारत ने अपने निर्यात आंकड़ों को कैसे बनाए रखा है? किन सेक्टर्स ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई? इसके अलावा क्या ट्रंप का टैरिफ के जरिए भारत से व्यापार घाटा कम करने का कदम असफल साबित हुआ है? इसकी वजहें क्या हैं? ट्रंप के टैरिफ के बावजूद कितना बढ़ा भारत का अमेरिका को निर्यात?

### नवंबर में क्या रहे आयात-निर्यात के आंकड़े?

| संकेतक (Indicator) | नवंबर 2025 (अनुमानित) | नवंबर 2024 | परिवर्तन (%) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| मर्चेंडाइज निर्यात | $38.13 अरब | $31.94 अरब | +19.37 | 10 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ नवंबर |
| मर्चेंडाइज आयात | $62.66 अरब | $63.87 अरब | -1.88 | घरेलू मांग में मामूली नरमी |
| व्यापार घाटा | $6.64 अरब | $17.06 अरब | -61.07 | विदेशी मुद्रा भंडार के लिए सकारात्मक |
| अमेरिका को निर्यात | $6.98 अरब | ~$5.7 अरब | +22.6 | टैरिफ के बावजूद उछाल |
| चीन को निर्यात | $2.20 अरब | ~$1.15 अरब | +90.12 | इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग में उछाल |



## ट्रंप के टैरिफ से कैसे निपट रहा भारतीय बाजार

अमेरिका की तरफ से लगाए गए टैरिफ के बावजूद भारत का निर्यात बढ़ा है। इसकी एक अहम वजह यह है कि मौजूदा समय में निर्यातक अपने लाभ के मार्जिन को कुछ कम कर अपने सबसे बड़े बाजार को बचाने में जुटे हैं, ताकि चीन, थाईलैंड और एशिया के अन्य देश इस पर ज्यादा कब्जा न जमा पाएं। इसके अलावा त्योहारी सीजन के बीच उत्पादों की बढ़ती मांग ने भी भारत के निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

नवंबर 2025 के व्यापारिक आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित हुए हैं। 50% टैरिफ की तलवार लटकने के बावजूद, भारत के कुल मर्चेंडाइज निर्यात ने पिछले 10 वर्षों के नवंबर माह का रिकॉर्ड तोड़ दिया। नवंबर 2025 में भारत का कुल मर्चेंडाइज निर्यात 38.13 अरब डॉलर रहा, जो नवंबर 2024 के 31.94 अरब डॉलर की तुलना में 19.37% अधिक है। यह बढ़ोतरी इसलिए भी अहम है, क्योंकि अक्तूबर 2025 में निर्यात में 12% की गिरावट देखी गई थी, जिसे सीधे तौर पर अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव से जोड़ा जा रहा था।

इस डाटा से साफ है कि अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग लगातार जारी है। यानी टैरिफ की वजह से अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान की कीमतें बढ़ने के बावजूद इनकी मांग में कमी नहीं आई है।

अमेरिका और कुछ अन्य देशों को निर्यात में इस उछाल का सबसे बेहतर असर भारत के व्यापार घाटे पर पड़ा है। नवंबर 2025 में व्यापार घाटा गिरकर 6.6 अरब डॉलर (अस्थायी अनुमान) पर आ गया, जो पिछले वर्ष इसी महीने में 17.06 अरब डॉलर था। यह 61% की भारी गिरावट है।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत का निर्यात अमेरिका के साथ-साथ चीन, हॉन्गकॉन्ग और यूरोपीय देशों को भी बढ़ा है।

व्यापार घाटे में यह कमी केवल निर्यात बढ़ने से नहीं, बल्कि आयात घटने से भी हुई है। खास तौर पर सोने के आयात में 60% की गिरावट दर्ज की गई, जो अब कम होकर चार अरब डॉलर रह गया। यह घरेलू बाजार में मांग के सामान्यीकरण और त्योहारी-शादी सीजन के बाद की सुस्ती को दर्शाता है।

## लाभ का मार्जिन कम कर रहे निर्यातक

भारतीय निर्यातक मौजूदा समय में अमेरिकी बाजार में अपनी हिस्सेदारी बचाने के लिए टैरिफ का बोझ खुद उठा रहे हैं। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। मान लीजिए किसी टीशर्ट की कीमत पहले 10 डॉलर थी और 50 फीसदी टैरिफ के बाद अमेरिका में उसकी कीमत 15 डॉलर हो गई। चूंकि कम टैरिफ की वजह से थाईलैंड, बांग्लादेश जैसे देश इससे कम कीमत पर अमेरिकी व्यापारियों को टीशर्ट मुहैया करा सकते हैं, ऐसे में भारत पर अपनी टीशर्ट को 10 डॉलर या इसके करीब रखने की ही चुनौती बढ़ी। ऐसे में निर्यातकों ने 10 डॉलर में भेजे जाने वाली अपनी टीशर्ट को 6-7 डॉलर में ही भेजना शुरू कर दिया, ताकि टैरिफ लगने के बाद भी अमेरिका में वह 10-11 डॉलर में ही बिकें।

वाणिज्य सचिव ने स्वीकार किया कि ₹निर्यातक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं लेकिन संबंधों को बनाए रखने के लिए प्रभाव को अवशोषित कर रहे हैं।₹ तिरुपुर के निर्यातकों के अनुसार, अमेरिकी खरीदार टैरिफ का केवल 10% हिस्सा वहन करने को तैयार हैं, शेष बोझ भारतीय आपूर्तिकर्ता पर डाला जा रहा है।

## चीन पर उच्च टैरिफ, बांग्लादेश में अस्थिरता का मिल रहा फायदा

अमेरिकी खुदरा विक्रेताओं के पास विकल्प सीमित हैं, क्योंकि ट्रंप प्रशासन ने चीन पर भारी टैरिफ लगाए हैं। बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता और श्रम मुद्दों के कारण अमेरिकी खरीदार वहां पूरी तरह निर्भर नहीं हो सकते।

भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसके पास चीन के बाद बड़े पैमाने पर उत्पादन की क्षमता है।

चूंकि सप्लाई चेन को जल्द बदलना संभव नहीं है। इसलिए अमेरिकी कंपनियां टैरिफ का कुछ बोझ उठाकर भी भारत पर निर्भरता रख रही हैं। आंकड़ों की गहराई में जाने पर पता चलता है कि यह उछाल एकसमान नहीं है। कुछ सेक्टर्स को इससे काफी फायदा हुआ है, हालांकि कुछ क्षेत्र अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं।

भारत के निर्यात में सबसे बड़ा संरचनात्मक बदलाव इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में आया है। नवंबर 2025 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 38.96% बढ़कर 4.81 अरब डॉलर हो गया।

भारत में एपल के आईफोन और अन्य डिवाइसेज का निर्माण भारत के बढ़ते निर्यात की बड़ी वजह है। अमेरिका को इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात अप्रैल-नवंबर की अवधि में दोगुने से ज्यादा हुआ है।

स्मार्टफोन और आईटी उत्पादों पर अक्सर इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एग्रीमेंट' के तहत शून्य या कम शुल्क लगता है। इसके अलावा, अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनियों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता।




# यशोदा मेडिसिटी की आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था के कायल हुए मालदीव के सिविल सर्विस अधिकारी





## 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने देखा अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, मरीज-केंद्रित उपचार मॉडल ने खींचा ध्यान

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सहयोग की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। मालदीव सिविल सर्विसेज के वरिष्ठ अधिकारियों के 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने यशोदा मेडिसिटी का दौरा कर यहां की आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का गहन अवलोकन किया। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने यशोदा मेडिसिटी के विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी विभागों का भ्रमण किया और वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ विस्तार से संवाद किया। इस संवाद में मरीज-केंद्रित देखभाल, क्लीनिकल एक्सीलेंस, हाई-एंड डायग्नोस्टिक सिस्टम और तकनीक-आधारित उपचार मॉडल जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा हुई।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विशेष रूप से यशोदा मेडिसिटी में अपनाई जा रही समन्वित उपचार प्रणाली, डिजिटल हेल्थ सॉल्यूशंस और अंतरराष्ट्रीय मरीजों के लिए सुव्यवस्थित सुविधाओं की सराहना की। इस अवसर पर यह भी रेखांकित किया गया कि किस प्रकार यशोदा मेडिसिटी वैश्विक स्तर पर भारत को एक भरोसेमंद हेल्थकेयर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।यह दौरा भारत और मालदीव के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है।

### मेडिसिटी भविष्य में भी ऐसे ज्ञान-विनिमय और अंतरराष्ट्रीय संवाद मंचों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा: डॉ. पी.एन. अरोड़ा



यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों के दौरे यशोदा मेडिसिटी की उस सोच को दर्शाते हैं, जिसमें नवाचार, पारदर्शिता और वैश्विक सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त किया जाता है। उन्होंने कहा कि यशोदा मेडिसिटी भविष्य में भी ऐसे ज्ञान-विनिमय और अंतरराष्ट्रीय संवाद मंचों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा, ताकि विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

# भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, जमकर नोक झोक

## सभी कार्यकर्ताओं को लेकर सिहानी गेट थाने पहुंची पुलिस





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की ओर से दायर चार्ज शीट को संज्ञान लेने से इनकार करने के बाद से ही कांग्रेस शहर शहर प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस की ओर से पूरे देश में भाजपा के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर घेराव किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने की घोषणा की थी।

भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन की घोषणा के बाद से ही पुलिस ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा और महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव को उन्हीं के घर में हाउस अरेस्ट कर लिया। जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के हाउस अरेस्ट होने के बाद पूर्व जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने प्रदर्शन की कमान खुद संभाली। उनके नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय का घेराव करने पहुंचे लेकिन पुलिस ने बसंत रोड पर रास्ता रोक लिया। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकताओं को आगे नहीं जाने दिया। पुलिस सभी कार्यकताओं को पकड़ कर सिहानी गेट थाने ले आई। जहां से सभी कार्यकताओं को बाद में छोड़ दिया गया।

कांग्रेस के घेराव को देखते हुए भाजपा कार्यालय के बाहर जबरदस्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस ने कार्यकताओं को भाजपा कार्यालय तक जाने से रोका तो पुलिस और कार्यकताओं के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई। कांग्रेस कार्यकताओं ने बीजेपी के खिलाफ जमकर नारे लगाए। प्रदर्शन को देखते हुए भाजपा नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

> **बिजेंद्र यादव ने कहा कोर्ट के फैसले ने भाजपा की झूठ को सामने ला दिया है**

महासचिव बिजेंद्र यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कंपनी बाग स्थित कार्यालय से बीजेपी कार्यालय की ओर पैदल मार्च किया। रास्ते भर में कार्यकर्ता भाजपा और ईडी के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ता मालीवाडा चौक से बसंत रोड की ओर बढ़े बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने कार्यकताओं का रास्ता रोक लिया कांग्रेस कार्यकर्ता जाने की जीत पर अड़े थे लेकिन पुलिस ने किसी भी सूरत में उन्हें जान की इजाजत नहीं दी। प्रदेश महासचिव विजेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा झूठों की पार्टी है। नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट ने सच्चाई सामने ला दी है। ईडी पर जबरदस्ती दबाव बनाकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ मामला बनाया गया था। उन्होंने कहा कि झूठ की बुनियाद पर खड़ी इमारत ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकती। एक न एक दिन इसे गिरना ही था। राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की चार्ज शीट को खारिज कर यह जता दिया कि पूरा मामला बना बनाया था। षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ मामला बनाया गया। प्रदर्शन में बिजेंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष विनीत त्यागी,नवीन कौशिक ,महानगर संगठन प्रभारी विकास शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता,अमित शर्मा, राम प्रकाश कश्यप, माया देवी पूर्व पार्षद ,लक्ष्मी वर्मा महानगर महासचिव, आरटीआई जिलाध्यक्ष लज्जा यादव, महानगर उपाध्यक्ष आकांक्षा वर्मा,सविता जैसवाल,मनोज कौशिक, आसिफ सैफी,महानगर कोषाध्यक्ष त्रिलोक सिंह,योगेश शर्मा,महानगर उपाध्यक्ष सूर्यकांत,प्रदेश सचिव अनिसूचित विभाग चंद्रपाल,महानगर अध्यक्ष अनिसूचित विभाग आशीष प्रेमी,विनोद शर्मा,जिला प्रवक्ता युवा कांग्रेस हुमायूं मिर्जा ,सुरेंद्र शर्मा,पीसीसी राजेंद्र शर्मा,राजाराम भारती पीसीसी,अब्दुल कादिर, हाफिज सलमानी,महानगर महासचिव यश कौशिक,बिजेंदर जाटव, सुनील शुक्ला इशांत शर्मा,रवि शंकर सूर्य,वरिष्ठ नेता अश्विनी त्यागी,सुरेश दोसा,सुरेश चौधरी,सुनील चौधरी, अरविंद त्यागी, आशुतोष गुप्ता ,पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज कौशिक,सूरज झा पी सी सी,उदय पाल सिंह,जिलामहासचिव हरेंद्र सिंह बाबा, हरपाल,विधि परकोष्ठ जिलाअध्यक्ष मनोज राय, एड किरण राय,एड संदीप यादव,एड संदीप कुमार,एड अंकित रस्तोगी,एड जितेंद्र कुमार,एड मो आशिफ,एड सीमा आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महापौर ने शहर में किया 8 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

## 15वें वित्त व महापौर कोटे से किये गए शिलान्यास

## जोन वसुंधरा, इंदिरापुरम व कविनगर को महापौर ने दी 8 करोड़ के विकास की सौगात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने शहर के विभिन्न वार्डों में 8 करोड़ के 15वें वित्त आयोग व अपने कोटे के विकास कार्यो के शिलान्यास कर कार्य शुरू कराए है जिसमे विवरण इस प्रकार है:



### जनता के कार्य प्राथमिकता पर किये जाते हैं : महापौर

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि मेरे पास जनता दरबार मे आय दिन लोग विभिन्न शिकायत व मांग पत्र लेकर आते हैं जिनमे से अधिकांश का तत्काल व कुछ का समय रहते निस्तारण किया जाता है ऐसे ही नाली सड़दो के कार्य मे समय लगता है लेकिन मेरे कार्यालय पर काम को प्राथमिकता दी जाती है जिसके फलस्वरूप जनता को दिए गए कार्यो का शिलान्यास व लोकार्पण भी किया जाता है और जनता के लिए ऐसे ही कार्य किया जाएगा।

### महापौर ने की नाले में कूड़ा और कचरा न डालने की अपील

**करंट क्राइम।** महापौर ने शिलान्यास के दौरान जनता से अपील भी की कि शहर के नाले भरे रहते हैं जब नगर निगम कूड़ा गाड़ी भेजता है तब भी जनता द्वारा कूड़ा कूड़ा गाड़ी में न डालकर नाली और नालो में डाल दिया जाता है यह बहुत गलत है इससे आपका जीवन ही गंदगी में रहेगा, हो सकता है बीमारी की वजह भी बन जाये इस लिए आप सभी से अपील है कि कूड़ा नाले में नही कूड़ा गाड़ी में ही डाले।

**प्रमुख लोग उपस्थित रहे :** शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पार्षद राधेश्याम त्यागी,पार्षद हरीश कडाकोटी,पार्षद राजकुमार सिंह,पार्षद नीलम भारद्वाज, पार्षद शिल्पा चौधरी,पार्षद सतेंद्र पाल चौधरी,पार्षद सुभाष सिंह,पार्षद पवन गौतम,पार्षद अजय शर्मा,मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता,मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर,मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी,पूर्व पार्षद महेन्द्र चौधरी,पूर्व पार्षद सलेक त्यागी,पूर्व पार्षद दीपक त्यागी,पूर्व पार्षद मधु सिंह,नीतेश सिन्हा, अमृता सिंह,प्रहलाद दुआ,आर के भारद्वाज, आरती माथुर,चित्रा गर्ग,शेलिजा अग्रवाल, नवीन कुमार,मनोज चौधरी,सुरेन्द्र शर्मा,विरेन्द्र सिंह, व बेग चंद आदि शामिल रहे।

### शहर के हर कोने में किया जा रहा है विकास :महापौर

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल अक्सर अपने बुलडोजर को लेकर चर्चाओं में रहती हैं लेकिन आज कल जनता द्वारा उनको विकास महिला की भी उपाधि दी जा रही है क्योंकि शहर में जिस प्रकार से विकास कार्यो की झड़ लग गयी है उससे यही साबित हो रहा है। हाल ही में इंदिरापुरम में लगभग 307 करोड़ के कार्यों की सौगात दी है व लगभग 150 करोड़ के कार्य चल रहे हैं और ऐसे ही लगभग 200 करोड़ के विकास कार्य अन्य जोनों में भी चल रहे हैं एवं उसके बाद भी महापौर लगातार विकास कार्यों के नारियल फोड़ कर शहर में विकाश कार्यों की सौगात दी रही हैं। ऐसे ही आज भी महापौर सुनीता दयाल द्वारा लगभग 8 करोड़ के विकास कार्यो के शिलान्यास कर शहर की जनता को विकास कार्य समर्पित किये गए है इन कार्यो की लगातार मांग थी यहाँ तक कि स्थानीय लोग व कार्यकर्ता भी महापौर को अपने क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराते है और महापौर तत्काल उनके दिए गए कार्यो को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश देती है तब यह कार्य अपनी निधि से कराए जाते है या कार्य की लागत बड़ी होने के कारण 15वां वित्त आयोग की धनराशि से कराए जाते है।



### 15वां वित्त आयोग के कार्य

1. **वार्ड 89 वैशाली स्थित कंपोजिट विद्यालय का पुन :** निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 55 लाख है।
2. वार्ड 57 मकनपुर गाँव मे तालाब से बाल्मीकि चौक होते हुए एन एच 9 तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 84 लाख है।
3. वार्ड 61 वसुंधरा गुर्जर चौक से मेवाड़ कॉलेज होते हुए सेक्टर 1 के कट तक आर सी सी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 3 करोड़ 34 लाख है।
4. वार्ड 32 मेरठ रोड मेजर आशाराम त्यागी की प्रतिमा से कृष्णा नगर मंगल बाजार रोड तक आर सी सी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 44 लाख है।

### महापौर निधि के कार्य

5. वार्ड 79 इंदिरापुरम अभयखण्ड 3 में डिवाइन पार्क व्यू अपार्टमेंट मंगलम सोसाइटी गेट 2 से सामुदायिक भवन तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 9 लाख है।
6. वार्ड 67 राज नगर सेक्टर 7 में मकान न 148 से 157 व 157 से बी 5 व बी 7 से पार्क के साथ महावीर कॉलेज के सामने तक आर सी सी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 29 लाख है।
7. वार्ड 24 पांडव नगर में तोमर जी के मकान से देवीशरण के मकान होते हुए यादव जी के मकान तक सड़क व नाली निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 29 लाख 90 हजार है।
8. वार्ड 77 वैशाली सेक्टर 3 में जैन मंदिर वाली क्षतिग्रस्त सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 14 लाख है।
9. वार्ड 24 महरौली गाँव मे जोली सिंह के मकान से चमन सिंह के मकान तक व जयवीर शर्मा के मकान से ज्ञानेंद्र सिंह व उदयवीर के मकान से राजवीर शर्मा के मकान तक सड़क व नाली निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 9 लाख है।
10. वार्ड 24 शंकर विहार कॉलोनी में बालाजी कॉस्मेटिक से मोहन के मकान व महावीर के मकान से रामबीर के मकान तक सड़क व नाली निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 29 लाख है।
11. वार्ड 54 वसुंधरा सेक्टर 1 में श्री राम पथ सोसाइटी से मकान न 594 व 801 के सामने तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 17 लाख है।
12. वार्ड 77 वैशाली सेक्टर 4 नगर निगम पार्किंग में दोनों तरफ आर सी सी पुलिया निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 4 लाख है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब कार्यालय पर एन्टर कर रहे थे पूरे विनोद से कसाना? तो यहां पर उनको किसी ने सुनाया गागर में सागर भरने वाला तराना? बोले जरा अंदर संभल कर जाना? अंदर पहले से मौजूद हैं एक और मिस्टर कसाना? सुना है इस बात को सुनकर उड़ गया कसाना जी के चेहरे का विनोद? जता दिया उन्होंने गागर में सागर भरने वाले से अपना प्रतिशोध? कहा आप क्यों बना रहे हो हम दोनों कसानाओं के बीच में दूरियों का माहौल? हमको समझ नहीं आ रहा आपका ये नमक छिड़कने वाला रोल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जिन भगवा मैम्बरों के गले में कार्यकारिणी चुनाव के बाद भगवा योद्धा ने डाली थी माला? सुना है इनको देखकर कुछ नदिया पार के भगवा कमिश्नरों ने शुरू कर दिया है गड़बड झाला? दिलजले ये भगवा चेहरे दे रहे हैं आजकल ताकतवर मैडम के यहां पर दस्तक? खूब दिख रहे हैं इन चेहरों के यहां पर मस्तक? शायद ये दे रहे हैं योद्धा को संदेश कि हम यहां से मजबूत कर लेंगे अपना बेस? लगी है माल्यार्पण को लेकर इनके दिल में ठेस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शायद भगवा योद्धा के दिल में कुछ विशेष ख्याल आया था? तभी तो उन्होंने पूर्व नदिया पार वाले भगवा कमिश्नरों को चाय पर बुलाया था? हमें अंदर से पता चली है बात? इस बात के पीछे हैं कुछ और ही बात? फार्म 6 को बनाया जा रहा है बातचीत की ढाल? अंदरखाने रखा गया है किसी बात का ख्याल? पता चला है भविष्य में इनको दी जा सकती है कोई मजबूत वाली मिसाल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जो भगवा पहलवान के साथ जाकर कर रहे हैं राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात? हमारा उन तक पहुंचा देने ये संदेश? पहलवान इनसे मुलाकात तो करा सकते हैं? मगर स्थानीय स्तर पर वो इन कार्यकर्ताओं का नहीं मजबूत कर पायेंगे बेस? ये मुलाकातें भविष्य में पड़ेंगी इन चेहरों पर भारी? जो – जो दिखता है पहलवान के साथ? आप देखना उसके नाम पर चल ही जाती है आरी? खुद पहलवान भी इस आरी की काट का झेल रहे हैं जख्म? क्यों अपनी वजह से वो इनका सिस्टम कर रहे हैं कम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था कहीं पर? वहां पर कोई कर रहा था इस बात को अर्ज? क्या फायर उगलने वाले जाकिर सैफी के बर्थडे केक का भगवा टॉमक्रूज प्रवीण चौधरी उतार पायेंगे कर्ज? क्या करा पायेंगे वो उनके वार्ड में विकास के काम? हम देख रहे हैं जब से केक कटा है, तब से जाकिर भैया हो गये हैं शांत? देखना अब ये है कि वो कब तक धारण करते हैं ये शांति? काम नहीं हुआ तो फिर उनकी रगों में दौड़ने लगेगी दो बड़े चेहरों को लेकर क्रान्ति?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात आप देख रहे होंगे यार? सांसद, मेयर, मंत्री, विधायकों से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने पकड़ी हुई है प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात करने वाली रफ्तार? लगता है कार्यकर्ताओं को हो गया है इस बात का एहसास? क्यों जनप्रतिनिधियों का इस मुलाकात के लिए सहारा लेना? जब मुलाकात करने के लिए हमें ज्यादा नहीं करने पड़ रहे हैं प्रयास? शायद अब इन कार्यकर्ताओं ने जनप्रतिनिधियों से कर दिया है ये ऐलान? हमपे एक एहसान करना कि हम पर मत करना कोई भी एहसान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पहलवान का प्रिय माथुर हमेशा रहता है उनकी उपलब्धियां बताने को आतुर? हमने देखा जैसे ही उसको मिली भगवा योद्धा के साथ भगवा पहलवान की फोटो? तो प्रिय माथुर ने तुरंत कर दिया इसे फेसबुक पर अपलोड? कराया एहसास जैसे ये दोनों एकदम से पक्के दोस्त बन गये हों? कुछ इस तरह किया भाई ने पोस्ट को होस्ट? देखने वाले ने भरी इस पोस्ट को देखकर मुस्कुराहट? कहा हमारा माथुर बहुत ही भोला है? जैसा वो सोच रहा है वैसी कभी पूरी नहीं होने वाली है उसकी चाहत?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपका खींच रहे हैं एक बात पर ध्यान? ये बात नदिया पार के भगवा ओबीसी चेहरे से जुड़ी हुई है श्रीमान? अगर आप इस ओबीसी चेहरे की गतिविधियों पर दोगे ज्यादा ध्यान? तो आप देखोगे आजकल ये पार्टी के ज्यादा करते हुए नहीं दिख रहे हैं काम? जब से इनके रिश्तेदार का हरियाणा में हाथ हुआ है बहुत ज्यादा मजबूत? हम तब से देख रहे हैं ये ओबीसी चेहरे अब भगवागढ़ की राजनीति में नहीं दिखा रहे हैं ज्यादा अपना वजूद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम तो पूर्व मैम्बर लव जी के बेटे की राजनीति में देखना चाहते हैं उभार? हम चिंतित इस बात से हैं कि लव भैया ने अब बंद कर दी है पहले जैसी हुंकार? उनको भविष्य के लिए मजबूत करना होगा पुत्र की राजनीति का केस? अभी से बनाना होगा उसका मजबूत वाला बेस? मगर हम देख रहे हैं कि अब ज्यादा एक्टिव नहीं रखते हैं लव भैया अपना फेस? जो भी हो जब निजाम बदला है तो बदलने होंगे लव जी को भी अपने अंदाज? ये आज की भाजपा है, यहां पुराने वालों को नहीं किया जा रहा ज्यादा याद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कभी–कभी हाल–ए–कांग्रेस का भी कर दिया करो जिक्र? कर लिया करो हाथ वालों की भी फिक्र? आप देख रहे होगे कि वर्तमान वालों से ज्यादा पूर्व वाले जिलाध्यक्ष ने लूटी हुई है महफिल? बिजेन्द्र यादव की प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तारी करा रही है इसी बात का एहसास? कहने वाले कह रहे हैं कि चिंगारी तो बिजेन्द्र यादव जैसी चाहिए? तभी कांग्रेस का मजबूत होगा गाजियाबाद में हाथ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बड़ी सफलता
## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास



श्री उत्कर्ष वत्स, विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) | म0मु0आ0 रेनू, पैरोकार कन्विक्शन सेल | म0आ0 सोनिया, पैरोकार थाना मोदीनगर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप महिला एवं बाल अपराध के एक गंभीर मामले में न्यायालय से सख्त सजा दिलाई गई है।

पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल के सतत प्रयासों, विवेचक तत्कालीन उपनिरीक्षक राम नारायण सिंह (थाना मोदीनगर) तथा विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) उत्कर्ष वत्स द्वारा की गई सशक्त पैरवी के फलस्वरूप थाना मोदीनगर में पंजीकृत मुकदमे में आरोपी कपिल पुत्र बिजेन्द्र, निवासी ग्राम सीकरी खुर्द को दोषी ठहराया गया। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)/अपर सत्र न्यायाधीश, गाजियाबाद द्वारा आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 354 में 4 वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 10 में 6 वर्ष का कठोर कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। यह मामला दिनांक 05.05.2020 को दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपी द्वारा नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर पड़ोसी के प्लॉट में ले जाकर छेड़छाड़ करने का अपराध किया गया था।

गाजियाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिला एवं बाल अपराधों में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई कर दोषियों को हर हाल में सजा दिलाई जाएगी।

### ऑपरेशन कन्विक्शन का साफ संदेश

**करंट क्राइम।** महिला और नाबालिगों के खिलाफ अपराध करने वालों के लिए गाजियाबाद पुलिस का स्पष्ट संदेश है– अपराध करोगे, तो जेल तय है। कोई ढील नहीं, कोई समझौता नहीं। हर केस में मजबूत विवेचना, सख्त पैरवी और अंत में लंबी सजा। डर जरूरी है, ताकि अपराध रुके।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।